CNews सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-11
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# सिटी चीफ

शुभ नवरात्र



माँ कालरात्रि

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

इंदौर, सोमवार, 15 अप्रैल 2024

**आज का विचार**

प्रेम सिर्फ अपने काम और ईश्वर से करो, क्योंकि ये दोनो कभी धोखा नही देते.!

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

## सरबजीत को मारने वाले सरफराज तांबा की घर में घुसकर ऐसे हुई हत्या



**इंदौर।** आपको याद है ना वो सरबजीत सिंह, जिसकी हत्या पाकिस्तान की जेल में कर दी गई थी। अब सरबजीत सिंह की हत्या करने वाले शख्स अमीर सरफराज तांबा को भी अज्ञात बंदूकधारियों ने घर में घुसकर गोली मार दी है और उसे मौत के घाट उतार दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, अमीर सरफराज तांबा लाहौर के इस्लामपुरा इलाके में रहता था, जहां मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने उसके घर में घुसकर गोलियां बरसा दी। सरफराज को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। अब पाकिस्तान पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है।सरबजीत सिंह की हत्या करने वाले अमीर सरफराज को लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद का करीबी माना जाता था। सरफराज को लाहौर के असली डॉन' के नाम से जाना जाता था। सरफराज पाकिस्तान में कई संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त था और और सरकार और प्रशासन का संरक्षण प्राप्त था।

**1990 में गलती से पाक चला गया था सरबजीत-** गौरतलब है कि भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह को पाकिस्तान ने जासूसी का आरोप लगाकर गिरफ्तार किया था। सरबजीत 30 अगस्त 1990 को गलती से पाक सीमा में चला गया था। तब पाक पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था और इस्लामाबाद में हुए बम धमाकों के मामले में गिरफ्तार किया था। पाक पुलिस का दावा था कि भारत के तरनतारन के गांव भिखीविंड निवासी सरबजीत सिंह भारतीय एजेंसियों का जासूस है। कई सालों तक पाक जेल में बंद रखने के बाद पाक खुफिया एजेंसी [illegible] के इशारों पर अमीर सरफराज ने साल 2013 में जेल में सरबजीत की हत्या कर दी थी।

## बस्तर में सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी 350 कंपनियां रहेंगी तैनात, पिछला रिकॉर्ड ध्वस्त होने की उम्मीद



**रायपुर।** बस्तर में पहले चरण के मतदान में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था होगी, जिस तरह निर्वाचन कार्यालय की तैयारियां है। इससे अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि बस्तर में मतदान का पिछला रिकॉर्ड ध्वस्त हो जाएगा, वहीं ज्यादा से ज्यादा मतदान होगा।बस्तर में वर्ष 2019 में 63.16 प्रतिशत मतदान हुआ था। नक्सली खतरों से मुकाबला करने व सुरक्षित मतदान के लिए बस्तर में इस बार 350 कंपनियां तैनात रहेगी। निर्वाचन कार्यालय ने बस्तर के 179 मतदान केंद्रों को शैडो एरिया के रूप में चिन्हित किया है। इससे पहले बस्तर लोकसभा के दंतेवाड़ा में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दौरा करते हुए अधिकारियों की बैठक ली है। पहले चरण में जहां बस्तर लोकसभा में चुनाव होना है, वहां प्रदेश में सबसे अधिक मतदाता लिंगानुपात है।

यहां 14 लाख 72 हजार 207 मतदाताओं में सात लाख 71 हजार 679 महिला मतदाता हैं, जो कुल मतदाताओं का 52 प्रतिशत है। बस्तर में कुल 1,961 मतदान केंद्रों में से 191 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं, वहीं 36 युवा तथा आठ दिव्यांग मतदान केंद्र निर्धारित किया गया है।

**भाजपा के संकल्प पत्र पर प्रेस कांफ्रेंस**

## सीएम बोले- पीएम आवास योजना से लाखों गरीबों को खुद का घर मिला



**भोपाल।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने रविवार को संकल्प पत्र जारी किया। मेनिफेस्टो के जरिए 2047 तक के विकसित भारत के विजन को बताने के लिए भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर में सीएम डॉ. मोहन यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस अवसर सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के कारण मप्र के हजारों बेघर लोगों को स्वयं का घर मिल गया है। इस पीएम आवास योजना में गांव व शहरी लोगों को फायदा मिला है। शहरों को सुनियोजित तरीके से विकसित करना होगा। सभी शहरों का विकास होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी पर्यटन पर भी ध्यान दे रहे है। सीएम ने कहा कि पीएम की हर गारंटी पूरी होगी।

## सीएम डॉ. मोहन यादव बोले-भाजपा का संकल्प पत्र अगले पांच वर्ष का विजन डॉक्यूमेंट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बीजेपी यह संकल्प-पत्र अगले पांच वर्ष के विकास का विजन डॉक्यूमेंट है। इस संकल्प-पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अगले पांच वर्ष सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का विजन है। यह विजन डॉक्यूमेंट भी भाजपा ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जारी किया है, जो यह बताता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दलित, वंचित, शोषित व सर्वहारा वर्ग के लिए भाजपा सरकार आगे लगातार कार्य करती रहेगी। संकल्प-पत्र में जो बातें कही गई हैं, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार उन सभी बातों को पूरा करेगी।

## बगड़ी फाटे पर बंद पड़े कोल्ड स्टोरेज में अचानक लगी आग



**नालछा / धार।** धामनोद मार्ग पर बगड़ी फाटे पर बंद पड़े श्री भोज सहकारी शीत गृह में सोमवार सुबह 7-30 बजे के दरमियान अचानक आग लग गई । आग की लपटें शीत गृह से करीब 10 से 15 किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रही थीं । बंद पड़े इस कोल्ड स्टोरेज में आग की घटना से कोल्ड स्टोरेज अंदर से पूरा जल गया। आग के बाद चारों तरफ आग की लपटें एव धुआं ही धुआं दिखाई दे रहा था ।धुएं को देखकर बड़ी संख्या में लोग भी यहां पहुंच गए हैं ।धूधू करके अंदर से पूरा कोल्ड स्टोरेज जल रहा था। करीब ढाई घंटे बाद मांडू से दमकल मौके पर पहुंची ।कोल्ड स्टोरेज काफी बड़ा होने के साथ-साथ आग लगने के बाद एक दमकल से आग पर काबू पाया जाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में और दमकल बुलाए जाने को लेकर प्रशासन को खबर दी गई है। इधर करीब 3 घंटे से अधिक समय आग लगने को हो चुके हैं। अंदर से आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। साथ ही आग लगने के कारण दीवारों का प्लास्टर बार-बार टूट कर गिर रहा है । ऐसे में कभी भी कोल्ड स्टोरेज की दीवारें गिर सकती है।

## निशा बांगरे का कांग्रेस से इस्तीफा
## कमलनाथ के खिलाफ खोला मोर्चा



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस में शामिल होने वाली पूर्व डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे ने विश्वासघात का आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। निशा बांगरे बैतूल जिले की पूर्व डिप्टी कलेक्टर हैं। उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने के लिये पद से इस्तीफा दे दिया था, ताकि 2023 के चुनाव में आमला विधानसभा सीट से चुनाव लड़ सकें। बांगरे ने दावा किया कि हालांकि, उन्हें उस वक्त टिकट नहीं दिया गया था, लेकिन वादा किया गया था कि उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया जाएगा। कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी को लिखे अपने इस्तीफे में बांगरे ने कहा कि पार्टी ने समाज सुधारक बाबासाहेब आंबेडकर को भी टिकट देने से इनकार कर दिया था। बांगरे भी दलित हैं।

**कमलनाथ पर लगाया विश्वासघात का आरोप**

छिंदवाड़ा में बांगरे ने तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ पर विश्वासघात का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने उन्हें टिकट न देकर दलित महिलाओं का अपमान किया। बांगरे ने दावा किया कि कमलनाथ ने अपने गढ़ छिंदवाड़ा में किसी विधानसभा सीट से किसी महिला को प्रत्याशी नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि लोग आगामी चुनाव में कांग्रेस के मौजूदा सांसद नकुलनाथ की हार सुनिश्चित करेंगे।

**नकुलनाथ के खिलाफ प्रचार करूंगी**

बांगरे ने कहा कि मैं अगले चार दिन तक नकुलनाथ के खिलाफ प्रचार करूंगी। मैं छिंदवाड़ा में कांग्रेस में शामिल हुई और इस्तीफा देने भी यहां आयी हूं। मैं डॉ. आंबेडकर की विचारधारा का प्रसार करती रहूंगी। बांगरे ने जनवरी में राज्य सरकार को पत्र लिखकर उन्हें सेवा में बहाल करने का अनुरोध किया था।

**के. कविता को राउज एवेन्यू कोर्ट से झटका**

## 23 अप्रैल तक बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले के मामले में जेल में बंद [illegible] की नेता के. कविता को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने [illegible] नेता के. कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कोर्ट ने के. कविता का न्यायिक हिरासत सीबीआई की मांग पर दी है। गौरतलब है कि सीबीआई की हिरासत आज खत्म होने के बाद के. कविता को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय के बाद सीबीआई ने 12 अप्रैल को के. कविता को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद शुक्रवार को [illegible] ने उन्हें कोर्ट में पेश किया।गौरतलब है कि के. कविता तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी है। मार्च में उन्हें ईडी की टीम ने गिरफ्तार किया था, इसके बाद सीबीआई ने भी उन पर शराब घोटाले के मामले में शिकंजा कसते हुए गिरफ्तार कर लिया।

सीबीआई ने विशेष अदालत को बताया कि के. कविता ने शरथ रेड्डी को धमकाया था कि दिल्ली में ठेके प्राप्त करने के लिए आम आदमी पार्टी को 25 करोड़ का भुगतान करें। यदि इस शर्त को पूरा नहीं किया गया तो तेलंगाना और दिल्ली में उनके कारोबार को नुकसान उठाना पड़ सकता है। [illegible] ने कोर्ट को जानकारी दी कि के. कविता आग्रह पर ही शरथ रेड्डी दिल्ली में शराब के कारोबार में शामिल हुए थे।

**महंगाई पर राहुल गांधी की घोषणा को लेकर प्रधानमंत्री ने कसा तंज**

## मोदी बोले- कांग्रेस की जलन उन्हें जला देगी



**पिपरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मध्यप्रदेश के दौरे पर रहे। उन्होंने होशंगाबाद जिले की नर्मदापुरम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह के समर्थन में पिपरिया में सभा की। मां नर्मदा के जयघोष से भाषण की शुरुआत करने के बाद मोदी ने इंडी गठबंधन, कांग्रेस, राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं पर हमला बोला। पीएम ने कांग्रेस पर बाबा साहब अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया। एक झटके में गरीबी दूर करने वाले बयान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी को शहजादा और जादूगर भी कहा। साथ ही इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र को खतरनाक बता दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, जब मध्यप्रदेश ने पूरे देश को चौंका दिया था और होशंगाबाद ने तो कमाल कर दिया था। यहां से जो लहर उठी थी, वो लहर पूरे देश में फैल चुकी है। आज देश के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है- फिर एक बार मोदी सरकार। आज संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की जन्मजयंती है। उनकी जन्मस्थली महू यहां से ज्यादा दूर नहीं है। महू में उनका घर हो या देश-विदेश में वे जहां भी रहे, उन स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का सौभाग्य भाजपा सरकार को मिला है। शहजादे एक झटके में गरीबी हटाने की बात कह रहे पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे ने हाल ही में घोषणा की। उन्होंने कहा कि एक झटके में देश की गरीबी हटा दूंगा। अरे, यह शाही जादूगर अब तक कहां छिपा था। 50 साल पहले इनकी दादी ने गरीबी हटाने की घोषणा की थी। 2014 से पहले दस साल पहले ये लोग रिमोट से सरकार चलाई और अब कह रहे हैं कि एक झटके में गरीबी हटाने का मंत्र मिल गया है। ये मंत्र लाए कहां, क्या बोल रहे, इन पर कोई भरोसा करेगा क्या? ऐसे दावे करते हैं, तभी ये देश भर में हंसी के पात्र बने हुए हैं। कांग्रेस की मानें तो तब लोकतंत्र ठीक चल रहा था, फल-फूल रहा था। लेकिन, जैसे ही गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना तो कांग्रेस अफवाह फैलाने लगी कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में आ गया। अब तो कांग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी। आग देश में नहीं, बल्कि आग और जलन उनके दिलों में लगी है। ये जलन उनके दिल और दिमाग में ऐसे भरी पड़ी है कि वो उनको अंदर से जला रही है। कांग्रेस के लोग 10 साल से सत्ता से बाहर हैं। 10 साल में ऐसे छटपटा रहे हैं कि जैसे उनका और उनकी भावी पीढ़ियों का सबकुछ लूट गया हो। कांग्रेस वाले अगर यही कारनामें करते रहेंगे और उनका तौर-तरीका यही रहेगा, तो ये जलन उनको इतना जला देगी कि देश उनको आगे कभी मौका नहीं देगा।

**गरीब मां का बेटा सेवा का आशीर्वाद मांग रहा-** पीएम मोदी ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर को जो सम्मान कांग्रेस ने कभी नहीं दिया, वो सम्मान करने का सौभाग्य हमें मिला है। कांग्रेस जैसी पार्टियों ने हमेशा बाबा साहेब को अपमानित करने का ही काम किया है। बाबा साहेब ने जो संविधान बनाया है, उसके कारण ही आज गरीब मां का ये बेटा आपसे तीसरी बार सेवा करने का आशीर्वाद मांग रहा है। यह बाबा साहेब का संविधान है, जिसके कारण आज देश की राष्ट्रपति एक आदिवासी परिवार की बेटी है। जिस समाज को सबसे अंत में पूछा गया, जिसको वंचित रखा गया, उस समाज की बेटी आज देश की राष्ट्रपति के रूप में पहली नागरिक है।

## केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी।सीबीआई और ईडी ने दिल्ली सरकार पर आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितता करने और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिए जाने का आरोप लगाया है। इस नीति से सरकारी खजाने को 144.36 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा है। मामले में एलजी ने 22 जुलाई 2022 को नियमों के उल्लंघन और प्रक्रियात्मक खामियों को लेकर सीबीआई जांच किए जाने की सिफारिश की थी।

## इलेक्टोरल बॉन्ड केस में सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के खिलाफ रिव्यू पिटीशन दाखिल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक रिव्यू पिटीशन दाखिल की गई है, जिसमें कहा गया है कि इलेक्टोरल बॉन्ड केस में सुप्रीम कोर्ट को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए, क्योंकि ये मामला अदालत में सुनवाई के लायक नहीं था। इस याचिका में कहा गया है कि इलेक्टोरल बॉन्ड के मामले में मौलिक अधिकारों के हनन का दावा किया गया था। कहा गया था कि राइट टु इंफॉर्मेशन बोलने की आजादी का अहम भाग है। यही तर्क देकर आर्टिकल 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में सुनवाई करने को कहा गया था। कोर्ट यह देखने में नाकाम रहा कि याचिकाकर्ताओं ने इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर किसी तरह के कानून के हनन का दावा नहीं किया था।

## सिंगल कॉलम

### नेता पुत्र को रिमांड अवधि खत्म होने के पहले ही कोर्ट ले गई पुलिस

*लूट के आरोप में फंसे नेता पुत्र पर पुलिस मेहरबान दिखी। रिमांड अवधि पूर्ण होने के पहले ही कोर्ट में पेश कर दिया। थाने में वीआइपी ट्रीटमेंट दिया गया। फरियादी भी बैकफुट पर आए और समझौता पेश कर दिया। 6 अप्रैल को खजराना पुलिस ने सीमेंट कारोबारी सनप्रीतसिंह बग्गा की शिकायत पर कान्हा उर्फ कृष्णा जोशी पर मारपीट और लूट का केस दर्ज किया था। शुक्रवार को पुलिस ने कान्हा को नारायण कोठी खजराना से गिरफ्तार किया, लेकिन थाने में वीआइपी ट्रीटमेंट शुरू हो गया। भाजपा नेताओं के दबाव में न सिर्फ होटल का खाना खिलाया, बल्कि मेडिकल के लिए निजी कार से लेकर गए। साथियों की गिरफ्तारी और चेन की जब्ती के लिए दो दिन का रिमांड मांगा, लेकिन दबाव में पुलिस ने रविवार को ही आरोपित को कोर्ट लेकर पहुंच गई। टीआइ सुजीत श्रीवास्तव के मुताबिक कान्हा के दो साथी विशाल उर्फ जतिन और राकेश साहा को शनिवार रात 2 बजे गिरफ्तार कर लिया। सनप्रीत के साथ हुई घटना में दोनों शामिल थे। पुलिस कार पहले ही जब्त कर चुकी थी। पूछताछ पूरी होने के कारण तीनों को रविवार को पेश करना पड़ा। अब फरियादी बोला- वह कार्रवाई नहीं चाहता बग्गा ने एफआइआर के लिए अफसरों पर दबाव बनाया और आरोप लगाया कि कान्हा ने कार में तोड़फोड़, मारपीट कर चेन लूटी है। उसने पगड़ी का अपमान किया है, लेकिन दो दिन पूर्व समझौता पेश कर दिया। लिखित आवेदन और वीडियो बनाकर कहा कि वह कार्रवाई नहीं चाहते हैं। रविवार को पुलिस ने आरोपितों को कोर्ट में पेश किया तो बग्गा स्वयं कोर्ट जा पहुंचे।*

### मेयर की पत्नी दे रहीं किचन वेस्ट से खाद बनाने की जानकारी, वीडियो वायरल

***इंदौर।*** *इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव की पत्नी जूही भार्गव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में उनकी पत्नी किचन वेस्ट से खाद कैसे बनाए इसकी जानकारी दे रही है। सिलसिलेवार समझाया गया है कि किस तरह 40 दिन में कचरे से खाद बनकर तैयार होगी। महापौर ने भी इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया है। साथ ही वीडियो के आखिर में वो भी अपील करते नजर आ रहे हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और उनकी पत्नी जूही भार्गव के सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो पोस्ट हुआ है। वीडियो में पत्नी जूही किचन वेस्ट से खाद बनाने के बारे में बता रही हैं। किस तरह कंटेनर के जरिये आसानी से गीले कचरे को अलग कर उसमें बायो कल्चर या गोबर डाल गीले कचरे का निपटान किया जा सकता है और 40 दिन में खाद बनाई जा सकती है। वीडियो में बताया गया है कि घरों में गीले-सूखे कचरे के अलावा कुल 6 प्रकार के कचरे को अलग-अलग करना होगा। इसमें इलेक्ट्रॉनिक कचरा, प्लास्टिक कचरा आदि शामिल है। वीडियो के आखिर में महापौर पुष्यमित्र भार्गव कह रहे हैं कि अभी आपने देखा होम कंपोस्टिंग विद होम मिनिस्टर, होम मिनिस्टर ने बनाया कचरे से सोना, कचरे से खाद। हम सब घरों में 6 हिस्से में कचरे को सेग्रिगेट करें। 6 डस्टबिन अपने घरों में रखे।*

### दोस्त से नाराज नर्सिंग छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

***इंदौर।*** *नर्सिंग छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा की दोस्त से बातचीत बंद हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवाया है। पुलिस को जानकारी मिली की छात्रा से एक युवक की दोस्ती थी लेकिन उसने बात बंद कर दी। भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक मूलतः खरगोन जिला निवासी अंजू पहाड़ सिंह भामौर गणेश नगर में किराए रहती थी। वह नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। अंजू क्षिप्रा क्षेत्र के एक कॉलेज में पढ़ रही थी। शनिवार सुबह रूम पार्टनर अंजू के रूम में पहुंची तो वह फांसी लगा चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्ट मार्टम करवाया है। स्वजनों को भी सूचना दे दी गई है। उधर राऊ थाना क्षेत्र में किशोरी और किशोर ने भी जहर खाकर जान दे दी। पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवाया है। टीआई राजपाल राठौर के मुताबिक दिलीप चौधरी निवासी रंगवासा ने तीन दिन पूर्व जहर खाया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी तरह 12 वर्षीय मुस्कान की भी जहर खाने से मौत हुई है।*

### ऑल इंडिया बार एसोसिएशन की परीक्षा में कॉपियों की री-चेकिंग की सुविधा

***इंदौर।*** *ऑल इंडिया बार एसोसिएशन की परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी अब परीक्षा कॉपियों की री-चेकिंग के लिए आवेदन कर सकेंगे। उन्हें आवेदन ऑल इंडिया बार एसोसिएशन की अधिकृत वेबसाइट पर करना होगा। अन्य किसी माध्यम से किए जाने वाले आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन शुल्क 200 रुपये रखा गया है। अभ्यर्थी 25 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। इस तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।*

# रूफटाप रेस्टोरेंट मचान में धमाका होते ही भागे कर्मचारी, इमारत की दो मंजिलें जली

**सिटी चीफ इन्दौर**

एबी रोड पर सी-21 मॉल के सामने टावर-61 में आग की शुरुआत जिस बार-रेस्त्रां से शुरू हुई, वह सेवानिवृत्त डीएसपी जेजी चौकसे के बेटे अर्पित का था। बार लाइसेंस नवीनीकरण न करवाने के कारण आबकारी विभाग ने 31 मार्च को बंद करवा दिया था। इसके बाद भी कर्मचारी रेस्त्रां में खाना बनाते थे। रविवार को खाना बनाते वक्त गैस सिलिंडर में आग लगी और इमारत की दो मंजिलों को चपेट में ले लिया। इस इमारत के मालिक सतपालसिंह भाटिया उर्फ पिंका (सिल्वर स्प्रिंग) हैं। पहले उनका भतीजा मचान रूफटाप बार एंड रेस्त्रां संचालित करता था। उसे बाद में जेजी चौकसे का बेटा अर्पित चलाने लगा। बार शुल्क जमा न करने पर 31 मार्च को रेस्त्रां बंद करवा दिया गया। इसके बाद भी रेस्त्रां खुला रहता था। बताते हैं कि रविवार दोपहर में दो कर्मचारी खाना बना रहे थे। अचानक सिलिंडर में आग लग गई और दोनों कर्मचारी नीचे आ गए। फर्नीचर और ज्वलनशील सामग्री होने के कारण पूरे रेस्त्रां को चपेट में ले लिया। आग नीचे आ गई और एसबीआइ के क्रेडिट कार्ड कार्यालय को भी चपेट में ले लिया। सामने ही सी-21 मॉल है। धुआं देखकर मॉल के गार्ड और कर्मचारियों ने पाइप लगाए, लेकिन पांचवीं मंजिल तक पानी नहीं जा सका। आफिस और रेस्त्रां में फर्नीचर होने के कारण आग बेकाबू हो चुकी थी। फायरकर्मी पहुंचे लेकिन आग पर नियंत्रण नहीं हुआ। सेवानिवृत्त डीएसपी जेजी चौकसे के मुताबिक, आग की शुरुआत चौथी मंजिल स्थित क्रेडिट कार्ड के आफिस से हुई। उस वक्त वहां कुछ लड़के-लड़कियां मौजूद थीं। अंशुल, हर्ष, विकास नामक युवक ने आग बुझाने का प्रयास भी किया और फायर ब्रिगेड को खबर दी। फायरकर्मी समय पर नहीं आए और पांचवीं मंजिल (छत) पर स्थित रेस्त्रां भी जलकर खाक हो गया। चौकसे के मुताबिक, 31 मार्च को लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के कारण रेस्त्रां की चाबी इमारत के मालिक पिंका को दे दी थी। आबकारी और पुलिस को भी सूचना दी है। रेस्त्रां से बार-बार धमाकों की आवाज आ रही थीं। आशंका है किमामला अफसरों तक पहुंचा तो आरोपित की हरकत का वीडियो देखा और कहा कि कायमी तो होगी। टीआइ सुजीत श्रीवास्तव ने सिपाही विकास की शिकायत पर आरोपित करण ढालीवाल के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में एफआइआर दर्ज की लेकिन आरोपित को थाने से रवाना कर दिया। टीआइ ने सफाई दी कि आरोपित थाने आने के पहले भी गाड़ी लेकर भाग गया। पुलिस उसकी तलाश में छापे मार रही है। मंत्री सिलावट ने कहा मैंने किसी के लिए फोन नहीं किया। आरोपित ने उनके नाम का उपयोग किया यह भी संज्ञान में नहीं है। रेस्त्रां में गैस सिलिंडर और शराब की बोतलें फूट रही थी। चौथी और पांचवीं मंजिल पर कांच लगे है। गर्मी के कारण कांच फूट कर गिर रहे थे। एसपी (फायर) शशिकांत कनकने के मुताबिक, दोनों मंजिलों पर पानी डालने में दिक्कतें आ रही थी। दमकलकर्मियों की एक टीम को पास की इमारत (सफायर हाइट्स) पर चढ़ना पड़ा। फायर ब्रिगेड से करीब 50 कर्मचारियों को लगाया गया। एसडीइआरएफ और नगर निगम की टीम भी मौके पर बुलाना पड़ी। रविवार होने के कारण इमारत के सभी आफिस बंद थे। इमारत में बैंक, ज्वेलरी शाप, कालेज आफिस है।



**सब्बल से फोड़ी पानी की टंकियां**

प्रत्यदर्शी नीरज के मुताबिक, करीब साढ़े चार बजे बहन निशा का फोन आया था। निशा इसी इमारत में एक शोरूम में काम करती है। नीरज का मॉल में स्टोर है। वह स्टोर बंद कर आए और टावर-61 के बायें तरफ सफायर ट्विंस की छत पर पुल बनाकर रेस्त्रां में आग बुझाने पहुंचे। नीरज के मुताबिक, उस वक्त रेस्त्रां खुला था। पानी डाला और सब्बल से पानी की टंकियां फोड़ी लेकिन आग बढ़ती गई। रोते हुए इमारत से बाहर आए रहवासी टावर-61 की दायीं और सफायर हाइट्स और बायीं तरफ सफायर ट्विंस के नाम से इमारत है। आग बढ़ने पर रहवासियों ने फ्लैट खाली कर दिया। पेंट हाउस में रहने वाले लोग रोते हुए बाहर आए। रहवासी विद्या बाई के मुताबिक, घर में धुआं भरने लगा था। बच्चे बाहर निकले तो आग की लपटें नजर आई। इसके बाद जल्दी-जल्दी सभी घरवालों को बाहर निकाला। घटना के बाद एबी रोड़ पर जाम लग गया। डीसीपी ट्रैफिक अरविंद तिवारी मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड के लिए वाहनों की आवाजाही रोक कर आइबस लेन से ट्रैफिक निकाला। इमारत में आग बुझाने के लिए 200 फीट दूर स्थित मॉल से पानी के पाइप लगाए लेकिन इमारत के अग्निशमन यंत्रों ने काम नहीं किया। वीडियो और रील बनाने पहुंचे आगजनी की गंभीर घटना में भी वीडियो और रील बनाने वालों का हुजूम आ गया। बीआरटीएस और बसलेन में सैकड़ों लोग जमा हो गए। स्थिति संभालने के लिए एमआइजी, विजय नगर थाने का पुलिस बल लगाना पड़ा। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह ने लोगों को धक्का देकर हटाया। नीचे से बुझाते ही ऊपर से उठती थी लपटें आग बुझाने में जुटे दमकलकर्मियों को काफी मशक्कत करना पड़ी। चौथी मंजिल की लपटें बुझाते ही पांचवीं मंजिल से आग नजर आने लगती थी। जैसे ही दमकलकर्मी पाना डालना बंद करते पुनः लपटें उठने लगती थी। आखिरी में एयरपोर्ट से फायर फाइटर वाहन की मांग करनी पड़ी।

## इंदौर के खजराना में नरमुंड की माला पहने मां काली के नौ फीट ऊंचे विराट स्वरूप के दर्शन

**सिटी चीफ इन्दौर**

शहर के खजराना स्थित काली माता मंदिर अहिल्या की नगरी के रहवासियों के बीच आस्था का केंद्र है। यहां पर मां काली का नौ फीट ऊंचा स्वरूप विराजित है। चार भुजाधारी मूर्ति के गले में नरमुंड की माला है। यहां चैत्र और शारदीय नवरात्र के साथ माघ और आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्र में भक्तों का मेला लगता है। इस दौरान मां का 101 लीटर दूध से प्रतीकात्मक अभिषेक कर इसका वितरण प्रसाद के रूप में आसपास की गरीब बस्तियों में किया जाता है। इतिहास ञ फैक्ट्री बेचकर बनवाया था मंदिर देश-विदेश में ख्यात खजराना गणेश मंदिर के पास स्थित इस मंदिर ने आकार लेना वर्ष 1976 से शुरू किया था। उस समय स्वं राधेश्याम अग्रवाल (बापूजी) ने अपनी चार में तीन फैक्ट्रियां बेचकर मंदिर का निर्माण शुरू किया था। उस समय यहां एक छोटी मूर्ति विराजित थी। इसके बाद मंदिर के पास की भूमि एक भक्त हरिकिशन पाटीदार ने दान स्वरूप दी। जमीन मिलने के बाद 1984 से वहद स्वरूप के मंदिर का निर्माण शुरू हुआ। इसके बाद 17 फरवरी 1991 में माता की नौ फीट ऊंची मूर्ति विराजित की गई जो जयपुर से आठ किलोमीटर दूर छितोली गांव से लाई गई थी।



**सुख, शांति और शक्ति देने वाली**

मां कालिका की उपासना जीवन में सुख, शांति और शक्ति के साथ विद्या देने वाली है। मां काली की भक्ति का प्रभाव व्यावहारिक जीवन में मानसिक, शारीरिक और सांसारिक बुराइयों के अंत के रूप में दिखाई देता है। यह मैंने अनुभव किया है। इससे जीवन में आए तनाव और भय का भी अंत होता है। - भक्त रामचंद्र वर्मा

## झाड़ियों में लावारिस मिला था बच्चा
### अब यूएसए का परिवार लेगा गोद



Demo Pic

**सिटी चीफ इन्दौर**

लावारिस हाल में झाड़ियों में मिले नवजात बच्चे की डेढ़ साल बाद किस्मत बदलने जा रही है। बच्चा अब अमेरिका में रहेगा। अमेरिका के एक दंपत्ति नौनिहाल को इसी माह गोद लेकर अपने साथ विदेश ले जाएंगे। बता दे कि जब बच्चे को झाड़ियों में फेंका गया था, जिसके बाद श्वानों ने मिलकर उसे लहूलुहान कर दिया था। इस दौरान बच्चे के प्राइवेट पार्ट में भी चोट आई थी।जानकारी के अनुसार जनवरी 2023 में पीथमपुर के पास झाड़ियों में नवजात लावारिस हाल में मिला था। नवजात को श्वानों ने लहूलुहान कर दिया था, इस दौरान उसके प्राइवेट पार्ट सहित पूरे शरीर पर घाव बन गए थे। एमटीएच अस्पताल में इलाज के बाद संजीवनी सेवा संगम केंद्र में बच्चे को आश्रय मिला। केंद्र अधीक्षक आशा सिंह ने बताया कि बच्चा वर्तमान में डेढ़ साल का हो चुका है। कुछ समय पहले अमेरिका के एक दंपत्ति ने इस बच्चे को गोद लेने के लिए आवेदन किया था। जिसके बाद सभी तरह की प्रक्रिया कारा के माध्यम से पूरी हो चुकी है। जल्द ही बच्चे को लेने दंपत्ति इंदौर आएंगे। केयर टेकर द्वारा बच्चे का ख्याल रखा जा रहा है। शुरुआत के छह माह तक बच्चे ने स्वास्थ्य संबंधित काफी संघर्ष किया। जिसके बाद अब पूरी तरह से स्वस्थ है। जानकारी के अनुसार जब बच्चा झाड़ियों में मिला था, तब श्वान द्वारा बच्चे के प्राइवेट पार्ट को नुकसान पहुंचाया गया था। उम्र बढ़ने के साथ ही 13-14 साल की उम्र के बच्चे का इलाज भी हो सकेगा। इसके बाद बच्चा पूरी तरह से नॉर्मल हो जाएगा।

**अब तक 2 हजार बच्चों को दिया गोद**

संजीवनी सेवा संगम केंद्र अधीक्षक आशा सिंह ने बताया कि संस्था की शुरुआत झाबुआ की महारानी लक्ष्मी देवी झाबुआ ने 1981 में की थी। तब से लेकर आज तक करीब 2 हजार से अधिक बच्चों को गोद दिया गया है। वर्तमान में संस्था में 6 बच्चे है।

## इंदौर में युवक ने नशे में पुलिसकर्मी की कॉलर पकड़ी एफआइआर के बाद मंत्री का फोन आते ही थाने से छोड़ा

**सिटी चीफ इन्दौर**

शराब के नशें में धुत एक युवक ने पुलिसकर्मी की कालर पकड़ ली। भरे चौराहा पर गालियां दी और कहा तेरी नौकरी खा जाउंगा। पुलिसकर्मी थाने ले गए लेकिन मंत्री का फोन आते ही अफसरों के सुर बदल गए। आरोपित पर एफआइआर दर्ज की लेकिन थाने से भगा दिया। घटना रविवार रात इंदौर के खजराना चौराहा की है। ट्रैफिक थाना में पदस्थ सूबेदार ब्रजराज और सिपाही विकास शर्मा ट्रैफिक जाम में व्यवस्था संभाल रहे थे। ट्रैफिक सिग्नल बंद होने के बाद भी काले रंग की कार में आया एक युवक हुटर बजाने लगा। सिपाही विकास ने रोका तो अभद्रता करने लगा। नशे की हालत में सिपाही की कालर पकड़ी और धक्का मुक्की की।



## इंदौर में रेलवे स्टेशन पर तेजी से बढ़ रहा दबाव, बढ़ानी होगी संख्या
### विभाग के पास कोई योजना नहीं

**सिटी चीफ इन्दौर**

रेल मंत्रालय इंदौर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कर 494 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बना रहा है, लेकिन भविष्य में ट्रेनों की संख्या बढ़ने पर इंदौर में स्टेशन भी बढ़ाने होंगे। इसके लिए फिलहाल रेल प्रबंधन के पास न कोई योजना है और न ही सांसद व अन्य जनप्रतिनिधि इस दिशा में कोई कारगर योजना बना रहे हैं।रतलाम रेल मंडल में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले इंदौर रेलवे स्टेशन पर रेल यातायात दबाव इतना अधिक हो गया है कि लंबी दूरी ट्रेनों का संचालन अब महू और लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन से किया जा रहा है। इंदौर के मास्टर प्लान में कई वर्ष पहले कुमेड़ी में बड़े रेलवे स्टेशन के लिए करीब 300 एकड़ जमीन आरक्षित की गई है, लेकिन रेलवे इस जमीन पर स्टेशन विकास के लिए न योजना बना सका और न हीं जमीन का उपयोग कर सका। इंदौर जैसे 40 लाख से अधिक आबादी वाले शहर के लिहाज से एक बड़े स्टेशन की जरूरत है। आने वाले समय खंडवा, धार, बुधनी जैसे रेल रूट से कनेक्टीविटी हो जाएगी। तब इंदौर से प्रतिदिन 100 से अधिक ट्रेनों का आना-जाना होगा। वर्तमान में इंदौर रेलवे स्टेशन से 68 ट्रेनों का आवागमन होता है। इनमें 42 ट्रेनों का संचालन इंदौर स्टेशन से होता है।




मौजूदा स्थिति में मुख्य स्टेशन पर चार और पार्क रोड पर दो प्लेटफार्म हैं। यहां अब नई ट्रेन का संचालन करना काफी मुश्किल है, न ही इस स्टेशन पर प्लेटफार्म की संख्या बढ़ाने की जगह बची है। हालांकि रेल यातायात दबाव करने के लिए रतलाम मंडल द्वारा लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर तीन प्लेटफार्म के अलावा दो नए प्लेटफार्म बना रहा है, लेकिन यहां भी विस्तार के लिए जगह उपलब्ध नहीं है।

# निजी स्कूलों ने इस सत्र के पाठ्यक्रम की सूची सार्वजनिक नहीं की, डीईओ ने नहीं की कार्यवाही

**सिटी चीफ भोपाल।**
नया सत्र शुरू होने से पहले निजी स्कूलों को पाठ्यक्रम व फीस की सूची सार्वजनिक करनी थी, लेकिन शिकायत ना मिलने का बहाना बनाकर अधिकारी स्कूलों को बचाने में जुटे हैं । मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी अधिकारी निजी स्कूलों पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं।सभी स्कूलों को 31 मार्च तक पाठ्यक्रम की सूची जिला शिक्षा अधिकारी( डीईओ) को सौंपनी थी। अब तक 323 स्कूलों में से सिर्फ 54 ने सूची सौंपी हैं। इसके अलावा 12 निजी स्कूलों के अभिभावकों ने कलेक्टर से शिकायत की थी कि उनपर एक ही किताब दुकान से पाठ्य सामग्री खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है।कलेक्टर के निर्देश पर जारी किए गए एक दर्जन स्कूलों में से सिर्फ एक ने नोटिस का जवाब दिया है। अब जिला स्तरीय मान्यता



समिति की बैठक में कार्यवाही के लिए निर्णय लिया जाएगा। बता दें, कि तीन अप्रैल को निजी स्कूलों व बुक सेलरों की सांठगांठ से चल रहे कमशीनखोरी को रोकने के लिए जिला प्रशासन की कार्यवाही के बाद अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई ।

**इन किताब दुकानों पर कोई कार्यवाही नहीं**

जिला प्रशासन की ओर से एमपी नगर स्थित बुक्स एंड बुक्स और न्यू स्नेह बुक सेंटर पर छापा मारा गया । दुकान पर उपस्थित अभिभावकों-बच्चों से बातचीत व जांच में सामने आया कि न्यू स्नेह बुक सेंटर पर 11 और बुक्स एंड बुक्स पर पांच स्कूलों की बुक्स, कोर्स और अन्य सामान दिया जा रहा है। जांच के बाद कलेक्टर ने सभी स्कूलों व दोनों बुक सेंटरों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे, लेकिन डीईओ ने अब तक कोई कार्यवाही नहीं की।वहीं जिला प्रशासन अब इन दोनों दुकानों पर दो-दो लाख रुपये का जुर्माना लगाने की तैयारी में है ।

इनका कहना है

12 में से एक स्कूल ने नोटिस का जवाब दिया है और 323 में से 54 ने ही पाठ्यक्रमों की सूची सौंपी है।जल्द ही जिला स्तरीय मान्यता समिति की बैठक होगी। जिसमें कार्यवाही के संबंध में निर्णय जाएगा।

अंजनी कुमार त्रिपाठी, डीईओ

# सिंधी यूथ फेस्टिवल में तारक मेहता का उल्टा चश्मा के कलाकारों ने समा बांधा

**सिटी चीफ भोपाल।**
चेतीचांद का पर्व सांस्कृतिक विरासत है। सिंधी समाज ने अपनी मेहनत से शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है जो सराहनीय है। सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित यूथ फेस्टिवल को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यह बात कही इस अवसर पर टीवी सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से सम बांधा।मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष में उज्जैन सिंधी समाज के कार्यक्रम में ज़रूर जाता है, इस वर्ष आपके बीच आकर बहुत अच्छा लगा। में इस पारिवारिक कार्यक्रम को आयोजित करने के बहुत बहुत बधाईया देता हूं। इस अवसर पर विधायक भगवान दास सबनानी, मुंबई सहयोग फाउंडेशन के चेयरमैन राम जवाहरानी, महाराष्ट्र सिंधी अकादमी के



निर्देशक महेश सुखरामानीं, नरेश तलरेजा, अशोक मनवानी, मोहन लालवानी. हरीश नागदेव, हरीश विधानी सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**सोडी एवं डा. हाथी ने मचाया धमाल**

तारक मेहता उल्टा चश्मा के फैम रोशन सिंग सोडी, डॉ हाथी ने मेले में सिंधी समाज का मनोरंजन करवा कर खूब धमाल मचाया। साथ लोगों के साथ सेल्फ़ी भी खिचवाई। अलग अलग शहरो से आये सिंधी सिंधी समाज के इनफ्लुएंसर भी शामिल हुए। मेले में सिंधी व्यंजन का भी लोगों ने भरपूर आनंद लिया, इस सिंधी फूड में लोगों ने सिंधी कड़ी चावल, सेल फुल्का, डोडो चटणी, साई भादी, कोकी जैसे अनेक सिंधी व्यंजनों का लुफ्त उठाया।

# अधूरा डिवाइडर बन रहा है दुर्घटनाओं का कारण, सिग्नल भी नहीं हटाए

**सिटी चीफ भोपाल।**
संत हिरदाराम नगर में बीआरटीएस कारिडोर हटाने का काम अभी तक पूरा नहीं हो सका है। लोक निर्माण कारिडोर हटाकर सिंगल डिवाइडर बनाने का काम तीन माह में पूरा नहीं कर सका है। अधूरे डिवाइडर के कारण रात के समय वाहन चालकों को आगे का हिस्सा नजर नहीं आता इससे दुर्घटनाएं हो रही हैं।बीआरटीएस मार्ग निर्माण के समय मेन रोड पर बार-बार दुर्घटनाएं हो रही थीं। नागरिकों ने निर्माण के समय ही इसका विरोध किया था लेकिन नगर निगम ने ध्यान नहीं दिया। करीब 13 साल बाद कारिडोर हटाया जा रहा है लेकिन यह काम भी समय पर पूरा नहीं किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के निर्देश पर तीन माह पहले पीडब्ल्यूडी ने हलालपुर क्षेत्र से कारिडोर हटाने का काम प्रारंभ किया था। शुरूआत में काम तेज गति से किया गया। बैरागढ़ मेन रोड तक आते-आते विभाग ने अब कछुआ चाल से काम कर रहा है।



कारिडोर से निकाली गई जालियों को ही बीच में स्थापित कर सिंगल डिवाइडर बनाया जाना है। मेन रोड के बीच-बीच में काम अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। कुछ हिस्से में अभी तक सिग्नल एवं यूनिपोल भी नहीं हटाए गए हैं।

**रात को नजर नहीं आता छोड़ा गया हिस्सा**

विभाग ने कुछ स्थानों पर पुराना डिवाइडर नहीं हटाया है। वाहन चालकों को लगता है किपूरे रोड से डिवाइडर हटा दिया गया है। खासतौर पर रात के समय वाहन चालक पुराने बचे हुए हिस्से से टकरा जाते हैं इससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। पिछले एक सप्ताह में तीन बार कार डिवाइडर में घुस चुकी है। अधूरे कारिडोर के कारण पार्किंग की समस्या भी खड़ी हो गई है। वाहन सड़क किनारे खड़े नहीं हो पा रहे हैं। थोक वस्त्र व्यवसाय संघ ने काम की मंद गति पर चिंता प्रकट की है। संघ के अध्यक्ष कन्हैया इसरानी एवं वासुदेव वाधवानी ने कहा है किकाम जल्द पूरा किया जाना चाहिए।

# अमरनाथ यात्रा के लिए सोमवार से पंजीयन शुरु, भारी संख्या में श्रद्धालुओं जाने की उम्मीद

**सिटी चीफ भोपाल।**
अमरनाथ यात्रा इस बार 29 जून से शुरू होगी। यात्रा इस बार 40 दिन की ही होगी। 19 अगस्त को यह समाप्त हो जाएगी। यात्रा पर जाने से पहले श्रद्धालुओं का अग्रिम पंजीकरण जरूरी है, जो 15 अप्रैल से शुरू होगा। यात्रा पर जाने के इच्छुक श्रद्धालु आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल एप्लिकेशन श्री अमरनाथजी यात्रा से भी पंजीयन हो सकता है। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि आज से भोपाल स्थित जम्मू कश्मीर बैंक जवाहर चौक एवं पंजाब नेशनल बैंक न्यू मार्केट में बायोमेट्रिक के माध्यम से एवं आनलाइन के माध्यम से अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन शुरू हो जाएंगे। पंजीयन हेतु यात्री का श्राइन बोर्ड द्वारा अधिकृत चिकित्सक द्वारा प्रदाय किया हुआ है। कंपलसरी हेल्थ सर्टिफिकेट अनिवार्य होगा, इसके साथ यात्री का आधार कार्ड की फोटोकापी, स्वयं की फोटो आवेदन के साथ 150 रू फीस जमा करना



होगा। आनलाइन पंजीयन के लिए 250 का शुल्क श्राइन बोर्ड द्वारा निर्धारित किया गया है। मंडल सचिव रिंकू भटेजा ने आगे बताया कि मंडल द्वारा श्राइन बोर्ड से मांग पर भोपाल में कंपलसरी हेल्थ सर्टिफिकेट बनाने वाले चिकित्सकों की संख्या बढ़ाई गई है।

# भतीजे ने चाचा से विवाद कर शराब के लिए मांगे रुपये, नहीं देने पर मार दिया चाकू

**सिटी चीफ भोपाल।**
ऐशबाग इलाके में एक बदमाश भतीजे ने अपने 72 वर्षीय वृद्ध चाचा से अड़ीबाजी कर उनको चाकू मार दिया, आरोपित उनके अड़ीबाजी कर शराब पीने के लिए रुपये मांग रहा था, जब उन्होंने मना किया तो आरोपित ने घटना कर दी ।पुलिस ने हत्या के प्रयास की धाराओं में एफआइआर दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। ऐशबाग टीआइ जितेंद्र गढवाल ने बताया कि बाग उमराव दुल्हा निवासी सलाम घर पर रहते हैं। उनका भतीजा फैज उर्फ कल्लू ऐशबाग थाने का बदमाश है, उसने रविवार को को सुबह अपने चाचा सलाम से शराब पीने के लिए रुपये मांगे और न देने पर उसने उन पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू उनके कान पर लगा, घटना के आरोपित फरार हो गया। वृद्ध के स्वजन उनको लेकर अस्पताल पहुंचे । जहां अस्पताल से पुलिस को सूचना दी। इस पर बाद में पुलिस ने उनकी शिकायत पर आरोपित भतीजे पर मारपीट, हतया के



प्रयास और अड़ीबाजी की धाराओं में एफआइआर दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित फैज इससे पहले भी लोगों के साथ मारपीट और धमकी दे चुका है।

# घरेलू कलह से परेशान था पति, चौथी मंजिल से लगाई छलांग, मौत

**सिटी चीफ भोपाल।**
कमला नगर की नया बसेरा मल्टी में रहने वाले 37 वर्षीय रवि परमार ने चौथी मंजिल से छलांग लगाकर जान दे दी। वह घरेलू कलह से परेशान था। करीब तीन दिनों से उसका घर में शराब पीने की आदत के कारण पत्नी से विवाद हो रहा था। एक बार फिर विवाद होने पर उसने यह कदम उठा लिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को स्वजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कमला नगर टीआइ निरूपा पांडे ने बताया कि रवि परमार अपनी पत्नी और बच्चों के साथ नया बसेरा मल्टी में रहता था और मजदूरी किया करता था। वह शराब पीने का आदी थी, रोजाना शराब पीकर घर पहुंचता था। इसके कारण उसका अपनी पत्नी से विवाद होता था। करीब तीन दिनों से रोजाना उसका अपनी पत्नी से विवाद हो रहा था। रविवार को एक बार फिर विवाद होने ने पर रवि परमार ने चौथी मंजिल कूदकर जान दे दी। जब लोगों ने उसे



जमीन पर लहूलुहान हालत में देखा तो उसके स्वजनों को जानकारी दी। बाद में पुलिस को सूचना मिली तो मौके पर पहुंचकर शव को हमीदिया अस्पताल भिजवाया गया। उसके स्वजनों के बयान में नशे का आदी और पति - पत्नी के विवाद के बाद कूदने की बात सामने आइ है। उसके आधार पर जांच आगे बढ़ रही है।

# कचरे के ढेर वाले भूखंड होंगे जप्त संपत्तिकर में जुड़ेगा जुर्माना

**सिटी चीफ भोपाल।**
नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारी शुरु कर दी है। ऐसे में बाजार क्षेत्र व रहवासी क्षेत्रों की सफाई पर जोर दिया जा रहा है। जिन प्लाटों पर कचरे के ढेर लगे हैं, उन पर जुर्माना किया जा रहा है। अब निगमायुक्त हरेंद्र नारायण ने ऐसे प्लाटों को जप्त करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इसका जुर्माना उनके संपत्तिकर में जोड़ने को कहा है। निगम अधिकारियों ने बताया कि भूखंडो पर अगर गंदगी मिली तो मालिक पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। अगर जुर्माना नहीं चुकाया तो प्लाट जब्त कर नगर निगम नीलामी करेगा। जिन प्लाटों के संपत्तिकर खाते हैं, उनके टैक्स में जुर्माने की रकम भी जोड़ी जाएगी और उसे मय पेनाल्टी वसूला जाएग। इसकी शुरुआत निगम ने कोलार स्थित गिरधर कालोनी, कस्टम कालोनी और सर्वधर्म कसलोनी से कर दी है। निगम बेनामी खाली भूखंडो पर नीलामी बोर्ड लगा रहा है। दरअसल वर्ष 2023 में तत्कालीन निगम आयुक्त केवीएस चौधरी ने खाली भूखंड सफाई कराने के साथ ही इसमें होने वाले खर्च की वसूली मालिक से करने का आदेश दिया था। इसके बाद आनन-फानन में 10 भूखंडो की सफाई कराई गई और प्रति प्लाट 10 हजार रुपए खर्च मानकर एक लाख रुपए की वसूली की गई।

## एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं बोर्ड का रिजल्ट अप्रैल के अंत में होगा घोषित

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा की एक करोड़ 10 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। अब सिर्फ एक प्रतिशत वो उत्तरपुस्तिकाएं जांची जा रही हैं, जिन्हें किसी कारण से होल्ड कर दिया गया था। मंडल के अधिकारियों का कहना है कि मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है।अब रिजल्ट तैयार करने का काम चल रहा है। इसमें 10 दिनों का समय लगेगा। अप्रैल के अंतिम सप्ताह यानी 22 से 25 अप्रैल तक परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। एमपी बोर्ड दोनों कक्षाओं का रिजल्ट इस बार भी एक साथ ही आएगा। बता दें कि 10वीं व 12वीं में करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं।

# जीवनदायिनी नर्मदा की स्वच्छता पर ग्रहण बने गंदे नाले

**सिटी चीफ भोपाल।**
बात 1980 के दशक दशक के शुरू की है। होशंगाबाद (वर्तमान नर्मदापुरम) के निवासियों ने तय किया कि वे नर्मदा में मिल रहे गंदे नालों का विरोध करेंगे। शहर में पांच जगहों पर रजिस्टर रखे गए। लोगों ने हस्ताक्षर किए। आंदोलन बढ़ा तो तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह खुद नर्मदा घाट पहुंचे।उन्होंने कोरी घाट पर आ रहे गंदे पानी को लिफ्ट करके भीलपुरा ले जाने और उसका शुद्धीकरण कर उसे सिंचाई के लिए देने की घोषणा की। इसके बाद वर्ष 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नर्मदा नदी पर एक विशाल बांध की नींव रखी। बांध परियोजना की राह में कई रोड़े थे। नर्मदा भक्तों को भरोसा था कि नर्मदा पर बांध नहीं बन पाएगा। आज चार दशक बाद तमाम आशंकाओं को झुठलाते हुए 4500 करोड़ रुपये की लागत से 12.22 बिलियन घनमीटर की क्षमता का इंदिरा सागर बांध तो तैयार हो चुका है लेकिन कोरी घाट का वह मामूली नाला आज भी पूरी गंदगी के साथ घाट की सीढ़ियों पर से बेधड़क बहता हुआ पवित्र नर्मदा में ज्यों का त्यों मिल रहा है। बात केवल एक नाले की नहीं है। प्रदेश




में ऐसे 100 से अधिक बड़े नाले हैं जो मां नर्मदा की निर्मल धार को मैला कर रहे हैं। यह उदाहरण है सरकारों की उस इच्छाशक्ति का जो नर्मदा पर बांध बनाने के लिए तो दिखाई लेकिन उसमें मिलते नालों के मामले में सो गई। नर्मदा की धार रोक दी, गंदगी की मार न रोक सके पिछले साढ़े चार दशकों में नर्मदा पर बरगी, इंदिरा सागर और सरदार सरोवर जैसे विशायलकाय बांध बनाए गए हैं। ओंकारेश्वर, महेश्वर, सरदार सरोवर जैसे तीन बड़े बांधों सहित सहायक नदियों पर आधा दर्जन से अधिक बांध बनाए जा चुके हैं लेकिन किसी नाले को प्रभावी तरीके से रोका नहीं जा सका है। 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के संकल्प पत्र में नर्मदा को प्रदूषण मुक्त करना प्रमुख मुद्दे के रुप में शामिल था। इस दौरान डबल इंजन सरकार रही है, विधायक से लेकर सांसद तक सत्ताधारी दल के है। लेकिन हालात यह हैं कि नर्मदापुरम में ही सात बड़े नाले सीधे नर्मदा में मिल रहे हैं। कहने को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाये जा रहे हैं, लेकिन इनका काम वर्षों से पूरा नहीं हो सका है। इजराइल की तहल कंपनी को काम दिया गया, लेकिन काम नहीं हो सका। राज्य में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री डा मोहन यादव नर्मदा जयंती अवसर पर नर्मदापुरम पहुंचकर 15 करोड़ से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने की घोषणा की है। नेहरू की कार के आगे लेटे ओशो, तस्वीर नहीं बदली नर्मदा नदी अपनी कुल लंबाई 1312 किमी में से मध्य प्रदेश में से 1077 किमी का हिस्सा मध्यप्रदेश में तय करती है। इस बीच सबसे बड़े शहर जबलपुर और नर्मदापुरम आते हैं। नर्मदापुरम की तरह जबलपुर के हाल भी ऐसे ही हैं जहां गंदगी को रोकने के बजाए छुपाने के प्रयास आधी सदी से जारी है। नर्मदा के नालों के बारे में एक किस्सा यहां अक्सर सुनाया जाता है कि जब प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू संस्कारधानी आए तो प्रशासन ने नर्मदा में मिल रहे खंदारी नाले को कनात लगाकर छुपा दिया। इधर नेहरू का काफिला आगे बढ़ा उधर उन दिनों जबलपुर में ही अध्यापन कर रहे ओशो उनकी कार के आगे लेट गए। प्रधानमंत्री उतरे तो ओशो ने कहा गंदगी को ऐसे छुपाया नहीं जा सकता आप सच्चाई देखिए। नेहरू ने निर्देश दिए कि गंदगी को नर्मदा में मिलने से रोक जाए लेकिन आज तक तस्वीर वही की वही है। जबलपुर में गौरीघाट से लेकर तिलवारा घाट तक नर्मदा में 13 से ज्यादा छोटे-बड़े नालों का गंदा पानी मिल रहा है। गौरीघाट में ही दो गंदे नाले मिल रहे है। जबकि तिलवारा के पास शहनाला भी नर्मदा को प्रदूषित कर रहा है। नर्मदा में मिलने वाले गंदे पानी को रोकने के लिए नगर निगम द्वारा पांच बड़े और दो छोट छोटे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें तीन प्लांट पूर्णता की और है। लेकिन हैरत की बात वही है कि जब बरगी बांध को बने चार दशक पूरे होने को हैं तब भी नालों को रोकने की कवायद जारी है।

## सामपदकीय

# ये जनादेश 2024 का ट्रेलर है सियासी पिक्चर तो अभी बाकी है...

*जनादेश 2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी का फर्स्ट लुक या टीजर (घोषणा पत्र) जारी हो चुका है। इंडियन पॉलिटिकल लीग (आईपीएल) में सत्ता के क्रीज पर नाबाद पारी खेल रहे बड़े सियासी खिलाड़ी नरेंद्र मोदी ने नवरात्र के छठे दिन या यूं कहें पहले चरण के मतदान (सियासी मैच) से ठीक छह दिन पहले सिक्सर लगाकर मैच का रोमांच बढ़ा दिया है। चुनावी शो में भले अब तक कोई शोरशराबा नहीं और न ही कोई रोमांच नजर आ रहा है लेकिन इस पटकथा में विवाद के साथ-साथ संवाद है, वहीं सियासी शो के लिए लाइट, कैमरा और एक्शन भी। भाजपा के घोषणा पत्र में समान नागरिक संहिता और एक देश, एक चुनाव के राग से जहां विवाद की स्थिति पैदा हो सकती है, वहीं मतदाताओं के सबसे बड़े वर्ग (गरीब, युवा, महिला, बुजुर्ग, किसान) का ख्याल कर उनसे सीधे संवाद की स्थिति पैदा करने की कोशिश की गई है। 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए 5 लाख तक का मुफ्त इलाज का वादा मास्टर स्ट्रोक है। बुजुर्ग बोझ नहीं। राम रथ खींचकर नरेंद्र मोदी को सत्ता के शीर्ष तक पहुंचाने वाले लालकृष्ण आडवाणी की अनदेखी को लेकर राम मंदिर निर्माण वर्ष में भले मोदी सवालों में घिरे लेकिन भारत रत्न से नवाजकर न केवल उन्होंने मार्गदर्शक के सम्मान का सीधा संदेश दिया बल्कि सवाल उठाने वालों की बोलती तक बंद कर दी।युवाओं के लिए निवेश से नौकरी तक का वादा कर मुद्रा योजना के तहत कर्ज सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करना युवाओं और हुनरमंदों के लिए प्रोत्साहन है, वहीं महिलाओं के लिए तीन करोड़ और लखपति दीदी, ड्रोन पायलट का वादा भी मायने रखता। गरीबों के लिए अगले पांच साल तक मुफ्त खाद्यान्न का वादा भले पुराना है लेकिन 80 करोड़ से अधिक परिवारों के लिए अगले पांच साल तक मुफ्त राशन की योजना की गारंटी मायने रखती है। गरीबों को पीएम आवास में और तेजी लाने का वादा भी अहम है। कोरोना की आपदा में मुफ्त वैक्सीन के बाद अब सर्वाइकिल कैंसर से मुक्ति मुहिम भी जख्मों पर मरहम लगाने वाली साबित हो सकती है। किसानों पर करम, बिजली बिल शून्य, रेहड़ी-पटरी वालों और गांवों तक वित्तीय मदद के वादे के जरिए विकास संदेश भी सियासी जमीन पर वोटों की फसल लहलहाने में कारगर साबित हो सकती है, क्योंकि रोटी, कपड़ा और मकान के साथ-साथ इलाज जैसी सहूलियतों का वादा हर वर्ग के मतदाताओं के दिलों और जरूरतों को छूता है। ऐसे में गगनयान गौरव की बात हो या हर भारतीय की सुरक्षा का भरोसा, हरित ऊर्जा से रोजगार पैदा करने का वादा हो या दुनिया में सेमी कंडक्टर हब बनाने की उम्मीद, डिजिटल क्रांति से स्किल, स्केल और स्कोप की आस भी भाजपा के वादे में उम्मीदों की किरणें (लाइट) हैं। कैमरा है- विकास और विरासत की तस्वीर पिरोने को। जनजातीय गौरव से पर्यटन के अवसर बढ़ाने तक का रोडमैप हो या तमिल भाषा के साथ-साथ बुलेट ट्रेन की रफ्तार के माध्यम से पूरब हो या पश्चिम, उत्तर हो या दक्षिण सभी को जोड़कर 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य के साथ-साथ सत्ता के हैट्रिक की ओर मजबूती से कदम बढ़ाए गए हैं। भाजपा के संकल्प में युवा हो या बुजुर्ग, महिला हो या किसान, गरीब हो या अमीर सभी को साधने के लिए संकल्प से सिद्धि की ओर कदम है। विकास है तो विरासत भी। भाजपा के वादे की पोटली में जहां विवाद है, संवाद है, लाइट है, कैमरा है, वहीं एक्शन भी। अगली सरकार के 100 दिन के काम का एक्शन प्लान। साथ ही मजबूत इरादे-भ्रष्टाचारियों पर प्रहार के। जनादेश 2024 का टीजर जारी हो चुका है। विवाद, संवाद, लाइट, कैमरा, एक्शन के बाद अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि 4 जून को जब लोकतंत्र का जनादेश (चुनाव नतीजे) रिलीज होता है तो बॉक्स ऑफिर पर चार सौ सीटें ( 4 सौ करोड़ का बिजनेस) पाती हैं या नहीं। बकौल मोदी- यह तो ट्रेलर है..... पिक्चर अभी बाकी है। ऐसे में आपकी तरह हमें भी है 4 जून का इंतजार।*

# विश्व सिनेमा की जादुई दुनिया: के. के. महाजन- विख्यात कैमरामैन

*के. के. महाजन यानि केवल कृष्ण महाजन को आप जानते हैं? नहीं जानते होंगे। कोई आश्चर्य नहीं। जब उनकी दुनिया के लोगों ने उन्हें संभाल कर नहीं रखा, तो आप कैसे जानेंगे। हां, आपने उनका काम अवश्य देखा होगा। 'भुवन शोम', 'उसकी रोटी', 'कालीचरण', 'खंडहर', 'सारा आकाश', 'माया दर्पण', 'चेहरे पे चेहरा' इनमें से कोई फिल्में आपने अवश्य देखी होंगी और नहीं तो इनका नाम जरूर सुना होगा। इन तमाम फिल्मों के सिनेमाटोग्राफ़र हैं, के. के. महाजन। के. के. महाजन ने 84 फिल्मों की शूटिंग की, इसके साथ एक फिल्म का निर्देशन तथा एक फिल्म प्रड्यूस भी की। अगर आप इनके बारे में आईएमडीबी पर जानकारी खोजना चाहेंगे, तो जन्म-मृत्यु तिथि और फिल्म की लिस्ट के अलावा कोई सूचना दर्ज नहीं है। जबकि भारत में नई लहर की दौर के प्रारंभकर्ता एवं प्रमुख सिनेमाटोग्राफर के रूप में महाजन का काम जाना जाता है। उन्होंने श्वेत-श्याम तथा रंगीन दोनों तरह का फिल्मांकन किया। महात्मा गांधी के जन्मदिन अर्थात 2 अक्टूबर 1944 को महाजन का जन्म हुआ था। केंसर से 13 जुलाई 2007 को मुंबई में उनकी मृत्यु हुई।1966 को उन्होंने फिल्म इंस्ट्यूट से गोल्ड मैडल के साथ अपना सिनेमाटोग्राफर का डिप्लोमा लिया। कॉनवोकेशन समारोह में फिल्म निर्देशक मृणाल सेन उपस्थित थे, उन्हें महाजन की डिप्लोमा फिल्म पसंद आई थी। महाजन ने डिप्लोमा फिल्म 'द ग्लास पैन' का फिल्मांकन किया था, जिसका निर्देशन कुमार शाहनी ने किया था। इस फिल्म के लिए महाजन ने ट्रेन के गलियारे की शूटिंग के लिए हैंड-हेल्ड कैमरे का प्रयोग किया है। इस साल हम मृणाल सेन की शताब्दी मना रहे हैं और अब महाजन भी हमारे बीच नहीं हैं।जब मृणाल सेन ने अपनी प्रसिद्ध फिल्म 'भुवन शोम' बनाई, तो उसका फिल्मांकन उन्होंने महाजन को सौंपा। हम जानते हैं कि भारत में 'भुवन शोम' नई लहर का आगाज करने वाली फिल्म थी। आर्ट फिल्मों के इस दौर की अधिकांश फिल्मों की शूटिंग के. के. महाजन ने की। मृणाल सेन से उनकी जोड़ी खूब जमी। मृणाल सेन की 'कलकत्ता 71', 'पदातिक', अकालेर संधान', 'खंडहर', 'एक दिन प्रतिदिन' का फिल्मांकन महाजन ने किया। महाजन ने मणिकौल की 'उसकी रोटी', 'आषाढ़ का एक दिन', कुमार शाहनी की 'माया दर्पण', 'तरंग' का कैमरा संभाला।के. के. महाजन ने आर्ट फिल्म तथा कमर्शियल फिल्मों के अलावा डॉक्यूमेंट्री तथा विज्ञापन फिल्में भी कीं। इनमें भी वे उसी जुनून और मेहनत से काम करते थे। उन्होंने करीब 100 विज्ञापन फिल्मों की शूटिंग की। इसके साथ महाजन ने 20 डॉक्यूमेंट्री के लिए कैमरा निर्देशन किया और कई टीवी सीरियल की शूटिंग की। दर्शकों में टीवी के शुरुआती दौर का सीरियल 'बुनियाद' देखने का क्रेज था। रमेश सिप्पी निर्देशित, इस मील के पत्थर सीरियल की शूटिंग महाजन ने की थी। जब इसकी शूटिंग के अनुभव की बात आई तो महाजन का कहना था, अधिकांश समय वे लोग यू-मैटिक (एक वीडियो फ़ॉर्मेट) में काम कर रहे थे। इसमें जब आप काम करते हैं, तो नतीजा काफी संतोषजनक होता है, लेकिन जब यह टेलीकास्ट किया जाता है, तो इसके रंग अपनी चमक खो देते हैं। और जब आप इसे अपने घर में देखते हैं, तो लगता नहीं है कि यह काम आपने किया है।के. के. महाजन अपनी प्रसिद्धि को बहुत हल्के तरीके से लेते थे, कभी घमंड नहीं करते थे। वे खुद को नहीं बल्कि सुब्रत मित्र को सर्वोत्तम कैमरामैन मानते थे। कहते, भारत ने जिस सर्वोत्तम कैमरामैन को उत्पन्न किया है वह सुब्रत मित्र हैं। उनके अनुसार वे सुब्रत मित्र के स्तर पर पहुंचने के लिए अपना सर्वोत्तम देते हैं लेकिन अभी तक उनके स्तर पर नहीं पहुंच पाए हैं। कहते जरा कल्पना करो पचास-साठ के दशक में कलकत्ता में जब मित्र काम कर रहे थे। उन दिनों आज जैसी सुविधाएं नहीं थीं, इसके बावजूद उन्होंने कैमरे से जो कमाल किया है, वह अद्भुत है। हालांकि उन्हें मित्र की पहली फिल्म उतनी अच्छी नहीं लगी थी। लेकिन दूसरी फिल्म से लेकर बाकी सारी फिल्में खूब पसंद थीं। सुब्रत मित्र ने सत्यजित राय की पहली फ़िल्म 'पथेर पांचाली' (1955) मिशेल कैमरा से शूट की थी।*

# संघर्ष : यह तो बस शुरुआत है... ईरान-इस्राइल टकराव के बीच नेतन्याहू ने अभी नहीं खोले अपने पत्ते





ईरान और इस्राइल के बीच सीधे सैन्य टकराव की शुरुआत ने ईरान के सशस्त्र बलों की तरफ एक बार फिर लोगों को ध्यान खींचा है। इस महीने की शुरुआत में, इस्राइल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के राजनयिक परिसर में एक इमारत पर हमला किया, जिसमें ईरान के सात वरिष्ठ कमांडरों और सैन्य कर्मियों की मौत हो गई थी। उसी समय ईरान ने जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई थी। और लगभग दो सप्ताह बाद उसने बीते शनिवार को इस्राइल पर हवाई हमला कर दिया, जिसमें सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलें शामिल थीं। इन हमलों का लक्ष्य इस्राइल के भीतरी और नियंत्रण वाले क्षेत्र को निशाना बनाना था। ऐसे में ईरान की सैन्य क्षमता का विश्लेषण प्रासंगिक है। इस्राइली अधिकारियों ने कहा है कि ईरान के किसी भी हमले का हम पलटवार करेंगे। ईरान ने जिन मिसाइलों से इस्राइल पर हमला बोला, उनको तो इस्राइल ने कामयाबीपूर्वक झेल लिया। लेकिन, इसमें संदेह नहीं कि ईरान फिर हमला कर सकता है और यह अंततः एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध में तब्दील हो सकता है। ऐसी भी आशंका है कि इस संघर्ष में अमेरिका भी शामिल हो जाए, हालांकि वाशिंगटन ने स्पष्ट कहा है कि उसका दमिश्क हमले से कोई लेना-देना नहीं है। विश्लेषकों का कहना है कि ईरान के विरोधी (मुख्यतः अमेरिका और इस्राइल) तेहरान के जटिल सैन्य तंत्र से उलझना नहीं चाहते हैं, इसलिए दशकों से वे ईरान पर सीधे हमला करने से बचते रहे हैं। हालांकि ईरान और इस्राइल लंबे समय से हवाई, समुद्री, जमीनी और साइबर हमलों के माध्यम से छद्म युद्ध में लगे हुए हैं। इस्राइल ने ईरान के भीतर सैन्य एवं परमाणु ठिकानों को गुप्त रूप से निशाना बनाया है और कमांडरों एवं वैज्ञानिकों को मारा है। नेवल पोस्ट ग्रेजुएट स्कूल में राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के एसोसिएट प्रोफेसर और ईरानी सेना के विशेषज्ञ अफशोन ओस्तोवर ने बताया कि ईरान पर हमला नहीं करने का कारण यह नहीं है कि उसके विरोधी उससे डरते हैं, बल्कि उन्हें पता है कि ईरान के खिलाफ कोई भी युद्ध बेहद गंभीर होगा। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज द्वारा पिछले साल किए गए आकलन के मुताबिक, ईरानी सशस्त्र बल पश्चिम एशिया में सबसे बड़ा है, जिसमें 5,80,000 सक्रिय जवान हैं और पारंपरिक एवं इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर में विभाजित करीब दो लाख प्रशिक्षित जवान सुरक्षित रखे गए हैं। सेना और गार्ड दोनों अलग हैं तथा जमीन, वायु एवं समुद्र में सक्रिय हैं। गार्ड ईरान की सीमा सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन वे कुद्स बल का भी संचालन करते हैं, जो पूरे पश्चिम एशिया में छद्म लड़ाकू गुटों के नेटवर्क को हथियार, प्रशिक्षण एवं समर्थन देने वाली विशिष्ट इकाई है। इन लड़ाकू गुटों में लेबनान के हिजबुल्ला, यमन का हूती, सीरिया, इराक के विद्रोही, हमास और गाजा के फलस्तीन इस्लामी जिहाद शामिल हैं। भले ही छद्म लड़ाकू गुटों को ईरान की सेना में नहीं गिना जाता, पर विश्लेषक कहते हैं कि उन्हें क्षेत्रीय सहयोगी बल माना जाता है, जो हमेशा लड़ाई के लिए तैयार, भारी हथियारों से लैस और वैचारिक रूप से ईरान के प्रति वफादार हैं, जो उसकी तरफ से लड़ने के लिए आ सकते हैं। खासकर हिजबुल्ला को ईरान की सैन्य क्षमता का हिस्सा माना जाता है, जिसका ईरान के साथ करीबी रणनीतिक रिश्ता है।

सटीक और लंबी दूरी की मिसाइलों, ड्रोन एवं हवा रक्षा के विकास पर जोर देते हुए दशकों से ईरान की रणनीति अवरोध पर आधारित रही है। इसने स्पीडबोट और कुछ छोटी पनडुब्बियों का बेड़ा तैयार किया है, जो फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले व्यापारिक पोतों और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को बाधित करने में सक्षम है। ओस्तोवर कहते हैं कि ईरान के पास पश्चिम एशिया में बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन का विशाल भंडार है। इसमें 2,000 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ ही क्रूज मिसाइलें एवं एंटी-शिप मिसाइलें भी हैं। वह इस्राइल सहित पश्चिम एशिया के किसी भी देश को निशाना बना सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, हाल के वर्षों में तेहरान ने लगभग 1,200 से 1,550 मील की दूरी तक मार करने और रडार से बचने में सक्षम ड्रोन का बेड़ा किया तैयार है। ईरान ने अपनी मिसाइलों एवं ड्रोन को छिपाया नहीं है, बल्कि सैन्य परेडों में प्रदर्शित किया है, क्योंकि वह ड्रोन का बड़ा निर्यातक बनना चाहता है। ईरान के ड्रोन का इस्तेमाल रूस यूक्रेन में कर रहा है और सूडानी संघर्ष में भी इसे देखा गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक, ईरान के हथियार ठिकाने और भंडारण सुविधाएं व्यापक रूप से फैली हुई हैं और उन्हें हवाई हमलों से नष्ट करना मुश्किल है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते ईरान टैंक और लड़ाकू जेट जैसे उच्च तकनीक वाले हथियारों और विदेशी सैन्य उपकरणों का आयात नहीं कर सकता है। 1980 के दशक में इराक के साथ आठ साल चले युद्ध के दौरान कुछ ही देशों ने ईरान को हथियार बेचने की इच्छा जताई थी। युद्ध खत्म होने के एक साल बाद 1989 में जब अयातुल्ला अली खामेनेई ईरान के सर्वोच्च नेता बने, उन्होंने घरेलू हथियारों का उद्योग खड़ा करने के लिए काफी संसाधन खर्च किया। वह ईरान को आश्वस्त करना चाहते थे कि उसे अपनी रक्षा जरूरतों के लिए विदेशी शक्तियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। आज ईरान घरेलू स्तर पर बड़ी मात्रा में मिसाइलों और ड्रोनों का निर्माण करता है और उसने रक्षा उत्पादन को प्राथमिकता दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि उपकरणों, सामंजस्य, अनुभव एवं सैन्यकर्मियों की गुणवत्ता के मामले में ईरान की सेना को क्षेत्र में मजबूत माना जाता है, पर अमेरिका, इस्राइल और यूरोपीय देशों की सेना से वह काफी पीछे है। ईरान की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी वायु सेना है। ईरान के ज्यादातर विमान पुराने हैं और उनमें से कई जरूरी कल-पुर्जों के अभाव में निष्क्रिय हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि 1990 के दशक में उसने रूस से एक छोटा बेड़ा भी खरीदा था। ईरान के टैंक और बख्तरबंद वाहन पुराने हैं, और देश में केवल कुछ बड़े नौसैनिक जहाज हैं। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की हत्याओं से ईरान के क्षेत्रीय अभियानों पर असर पड़ना लाजिमी है, क्योंकि उन्हें वर्षों का अनुभव था और सहयोगी लड़ाकू गुटों के प्रमुखों से उनके रिश्ते थे। लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक, ईरान के सशस्त्र बलों को कमांड करने की श्रृंखला बरकरार है।

# कमाई से ज्यादा जरूरी है खर्च का हिसाब-किताब खत्म हो रही बजट बनाने की अवधारणा



आजकल के युवा अक्सर सोचते हैं कि हम जितना वेतन घर ले जाते हैं, उससे कहीं अधिक कमाते हैं। हकीकत में यह ठीक उल्टा है। आप जितना कमाते हैं, उससे कम घर ले आते हैं। यह आपको तब पता चलेगा, जब आप अपने बैंक खाते, खर्च और अन्य का हिसाब-किताब करेंगे। कुछ हफ्ते पहले मुझे एक स्टार्टअप में 15 युवाओं से बातचीत का मौका मिला। 20 साल की उम्र में उनमें कुछ ऐसा आत्मविश्वास था, जो उनकी उम्र में मुझमें नहीं था। यह उनकी मानव संसाधन टीम की ओर से आयोजित एक सत्र था, जिसमें महसूस किया गया कि कर्मचारियों को बचत और निवेश के तरीकों के बारे में समझना चाहिए। लड़कियों में से एक ने खुलकर बात की और बताया कि महीने के अंत तक उसके पास निवेश के जितने पैसे नहीं बचेंगे। उसके माता-पिता उसे अक्सर याद दिलाते रहते थे कि उसने ठीक से बचत नहीं की है।वह प्रति माह लगभग एक लाख रुपये कमाती थी। बाकी लोगों का भी यही हाल था। जब उनके खर्चों के बारे में मैंने पता किया तो उन्होंने वास्तव में कभी अपने खर्चों पर नजर नहीं रखी है। मैंने उनसे पूछा कि क्या उनके फोन में उबर, स्विगी, अमेजन आदि जैसे एप हैं? उन सभी ने हां में सर हिलाया और फिर दर्जनों ऐप दिखाए जिनसे वे खाने, कपड़े, कैब और न जाने क्या-क्या ऑर्डर करते थे। फिर मैंने उस लड़की से पूछा कि क्या उसने कभी अपने बैंकिंग एप के माध्यम से अपना बैंक विवरण चेक किया है। उसका जवाब था...नहीं। एक समय था जब लोग मासिक खर्चों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं का प्रबंधन करने के लिए बजट बनाते थे। अब यह अवधारणा खत्म हो रही है। ईंधन की कीमतें कुछ हफ्तों में बदल रही हैं। घर पर बिजली की खपत इस बात पर निर्भर कर रही है कि आपने कितने दिन घर पर बिताए या काम पर गए। अब बजट बनाकर वित्तीय जीवन जीना कठिन है। फिर भी बचत और खर्चों की जांच जरूरी है। यदि कोई मासिक सैलरी पाने वाला अपने माता-पिता के साथ रहता है तो उसे कुल आय का 25-35 फीसदी निवेश के लिए बचाना चाहिए। यदि वे अकेले रह रहे हैं तो लगभग 15-25त्न बचाएं। भोजन, किराया, किराने के सामान और ऐसी ही अन्य चीजों पर खर्च आपकी आय के 45-50 फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए। 20-25त्न की बचत करनी चाहिए। कमाई का 35-40 फीसदी हिस्सा कर देनदारी चुकाने और गैजेट जैसी वस्तुओं पर खर्च कर सकते हैं।

**सच वह नहीं, जो आप जानते हैं-** वेतनभोगी अक्सर यही सोचते हैं कि वे बताई गई आय के जितना ही कमाते हैं। यह सच नहीं है, क्योंकि अगर कॉस्ट-टू-कंपनी (सीटीसी) 12 लाख रुपये सालाना यानी प्रति माह एक लाख?रुपये है तो वास्तव में आपकी सैलरी मासिक 70,000 और 80,000 रुपये के बीच होती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कंपनी इसमें से टैक्स काटने के साथ पीएफ में निवेश करती है।

**साल में 9 महीने ही मिलता है वेतन-** अगर हम वेतन की गणना करें तो आपके अनुमानित वेतन का कुल ढाई से 3 महीने का वेतन आपके पास नहीं आता है। सैलरी पाने वाले लोग अमूमन सालाना सैलरी का 3 महीने की सैलरी टैक्स और दूसरे योगदान में देते हैं। इसके विपरीत, एक बिजनेसमैन खर्चों के बाद कुल आय पर टैक्स चुकाता है, जबकि एक वेतनभोगी को पहले ही टैक्स काट कर पैसा मिलता है। फिर वे हर चीज पर जीएसटी भी देते हैं।

**सैलरी स्लिप में सारी जानकारी-** जब मैं उनको यह समझाने में कामयाब रहा कि उनके हाथ में जितनी वास्तविक सैलरी आ रही है, वे उससे कहीं ज्यादा खर्च कर रहे हैं तो उनमें से कुछ ने तो एचआर पर भड़ास निकालनी शुरू कर दी। हालांकि, ये सभी डिटेल्स उनकी सैलरी स्लिप में होती है। कई लोग जांच करने की जहमत नहीं उठाते हैं। कुछ लोगों ने अगर जांच भी की तो उन्होंने यह समझने का प्रयास नहीं किया कि उन्हें क्या मिला और बाकी कहां गया।

**हर महीने करें बचत और निवेश-** करियर के कुछ शुरुआती साल वित्तीय स्वतंत्रता का अनुभव करने के लिए अच्छे हैं, लेकिन ये ऐसे वर्ष भी हैं जो बचत और निवेश की नींव बनाने में मदद करेंगे। जितनी जल्दी बचत और निवेश शुरू करेंगे, उतनी ही अच्छी संभावना है कि आसानी से वित्तीय जिम्मेदारियों का सामना करने में सक्षम हो सकेंगे।

# भस्म आरती में जटाधारी स्वरूप में सजे बाबा महाकाल

## मुंडमाला पहनकर भक्तों को दिए दर्शन





विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज चैत्र शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर सोमवार तड़के भस्म आरती के दौरान चार बजे मंदिर के पट खुलते ही पंडे पुजारी ने गर्भगृह में स्थापित भगवान की प्रतिमाओं का पूजन किया। भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से कर पूजन अर्चन किया गया। प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को चांदी का मुकुट, रुद्राक्ष और पुष्पों की माला धारण करवाई गई। आज के श्रृंगार की विशेष बात यह रही कि सोमवार की भस्म आरती में बाबा महाकाल का जटाधारी स्वरूप में मुंड माला से श्रृंगार किया गया था। श्रृंगार के बाद बाबा महाकाल के ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्म रमाई गई और भोग भी लगाया गया। महानिर्वाणी अखाड़े की और से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दिव्य दर्शनों का लाभ लिया। जिससे पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से गुंजायमान हो गया।

### परिणीति चोपड़ा की फिल्म पर श्रीकांत अभिनेता ने लुटाया प्यार

# बोले- रूह में उतर गए आप




अमर सिंह चमकीला पर बनी बायोपिक फिल्म चमकीला रिलीज होने के बाद लगातार लोगों को पसंद आ रही है। फिल्म को लेकर लगातार लोगों के रिव्यूज आ रहे हैं, जिनमें बॉलीवुड की तमाम हस्तियां भी शामिल हैं। दिवंगत पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम किरदार में नजर आए। फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने अमर सिंह चमकीला का किरदार निभाया है, जबकि परिणीति चोपड़ा उनकी पत्नी अमरजोत कौर के किरदार में नजर आईं। दोनों ने फिल्म में अभिनय के साथ गाने भी गाए हैं। प्रियंका चोपड़ा के बाद अब राजकुमार राव ने फिल्म चमकीला की तारीफ करते हुए एक लंबा पोस्ट लिखा है।निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म पंजाब के कंट्रोवर्शियल सिंगर अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में लोगों को दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा का अभिनय काफी पसंद आ रहा है। फिल्म में परिणीति चोपड़ा ने अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों का दिल जीत लिया। परिणीति ने अमरजोत कौर के किरदार को बहुत ही अच्छे से निभाया है। उनके इस अभिनय की तारीफ हर जगह हो रही है। श्रीकांत अभिनेता राजकुमार राव ने फिल्म चमकीला की जमकर तारीफ की है। इन दिनों राजकुमार राव अपनी फिल्म श्रीकांत को लेकर जमकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। श्रीकांत अभिनेता राजकुमार राव ने फिल्म चमकीला की तारीफ करते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक स्टोरी साझा की है। राजकुमार ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया और लिखा, चमकीला सच में एक बेहतरीन फिल्म है। जरूर देखिए। इसके बाद राजकुमार ने दिलजीत दोसांझ की तारीफ में लिखा, दिलजीत पाजी सिर्फ चमकीला दिखा, दिलजीत कहीं नहीं था आपकी परफॉर्मेंस में। रूह में उतर गए आप। बहुत प्रेरणादायक। इसके बाद श्रीकांत अभिनेता ने फिल्म में परिणीति चोपड़ा की तारीफ में भी दो शब्द लिखे, परिणीति चोपड़ा आपने बहुत ही ऊंचे दर्जे का अभिनय किया है। इसके बाद राजकुमार ने फिल्म के निर्देशक इम्तियाज अली की तारीफों के पुल बांध दिए। अभिनेता ने लिखा, सर आप जैसा कोई और नहीं है। आपका बहुत धन्यवाद चमकीला बनाने के लिए। इसके आगे अभिनेता ने ए आर रहमान की तारीफ करते हुए लिखा, ए आर रहमान आप तो लीजेंड हो। हाल ही में फिल्म को लेकर परिणीति की बहन प्रियंका चोपड़ा का रिव्यू भी सामने आया था। प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, इम्तियाज सर, दिलजीत, टीशा और टीम को बधाई। बहुत अच्छा लग रहा है। वहीं परिणीति ने प्रियंका की स्टोरी को रिपोस्ट किया और लिखा, थैंक्यू मिमी दीदी।फिल्म चमकीला को लेकर परिणीति ने भी उन सभी लोगों का शुक्रिया किया है, जिन्हें यह फिल्म पसंद आई है। परिणीति ने अपने सोशल मीडिया साइट में फिल्म की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, कम्बल में दुबकी हुई हूं। आपके शब्दों, फोन और फिल्म समीक्षाओं से अभिभूत हूँ। (आंसू रुक नहीं रहे हैं)। परिणीति वापस लौट आई। यह शब्द मेरे कानों में जोर-जोर से गूंज रहे हैं। इस बारे में कभी नहीं सोचा था। जी हां मैं वापस आ गई हूं, और अब कहीं नहीं जा रही हूं। फिल्म चमकीला के बाद परिणीति चोपड़ा अभिनेता अक्षय कुमार के साथ फिल्म मिशन रानीगंज में नजर आएंगी।

# हमशक्ल होना पड़ा भारी, लोगों ने प्लास्टिक सर्जरी बताकर, किया ट्रोल, छोटी बहन ने करा दिया चुप

सोशल मीडिया पर कौन सा यूजर कब ट्रोल हो जाए इसके बारे में कोई कुछ नहीं कह सकता। फिल्म जगत के लोग तो आए दिन ट्रोलिंग का शिकार होते रहते हैं। कुछ सितारे तो पलटकर मुंहतोड़ जवाब दे देते हैं तो कुछ चुप रहना ही पसंद करते हैं। इसी सिलसिले में अब अभिनेत्री भूमि पेडनेकर और उनकी बहन समीक्षा पेडनेकर को ट्रोल किया गया है। इस मामले में समीक्षा ने ट्रोलिंग करने वाले लोगों को दो टूक जवाब दिया, जिसकी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। भूमि और उनकी बहन समीक्षा का चेहरा एक-दूसरे से काफी मिलता है। दोनों को साथ देखकर, लोग पहचान ही नहीं पाते कि कौन भूमि है और कौन समीक्षा। अब इसी चीज को लेकर कुछ सोशल मीडिया यूजर ने उन्हें अपने निशाने पर ले लिया है। दो दिन पहले की बात है। भूमि पेडनेकर और समीक्षा पेडनेकर ने एक साथ इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था। इस वीडियो में दोनों बहनें लिपस्टिक लगाते हुए दिखाई दे रही थी। दोनों काफी सुंदर नजर आ रही थी। इस वीडियो पर कुछ लोगों ने अच्छी प्रतिक्रिया दी तो कुछ ने दोनों बहनों को ट्रोल करना शुरु कर दिया।कमेंट बॉक्स में कुछ लोग लिख रहे थे कि भूमि और उनकी समीक्षा बिल्कुल एक जैसी दिखती हैं। इसी बीच कुछ यूजर यह कहकर उन्हें ट्रोल करने लगे कि दोनों ने प्लास्टिक सर्जरी कराई है। एक यूजर ने लिखा, प्लास्टिक में जिंदगी काफी शानदार होती है। इस पर समीक्षा ने पूछा, प्लास्टिक मतलब? दरअसल, यूजर कहना चाह रहा था कि दोनों बहनों ने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है। एक अन्य यूजर ने ट्रोल करते हुए लिखा, जब हमारे पास एक ही सर्जन होता है तो ऐसा ही होता है। हम दोनों में अंतर नहीं कर सकते। इसके जवाब में समीक्षा ने लिखा, या शायद एक ही माता-पिता?



# फेमिनिम को सही नहीं मानती हैं नोरा, बोलीं- मर्द और औरत में कभी बराबरी नहीं हो सकती है!



अभिनेत्री नोरा फतेही बॉलीवुड में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। नोरा हाल में रिलीज हुई फिल्म मडगांव एक्सप्रेस में नजर आई थीं। दर्शकों ने इस फिल्म में नोरा के अभिनय को काफी सराहा था। पिछले दिनों अभिनेत्री एक इंटरव्यू के दौरान अपनी निजी जिंदगी के अलावा फेमिनिम पर अपने विचार रखती नजर आईं। नोरा फतेही एक आजाद ख्याल अभिनेत्री हैं। नोरा फेमिनिम पर बात करते हुए बोलती हैं, मुझे किसी की जरूरत नहीं है। मैं अपने आप में पूर्ण हूं। मैं फेमिनिम के इस विचार को नहीं मानती हूं। मुझे ये बकवास लगता है। वास्तव में मुझे लगता है कि फेमिनिम हमारे समाज को खराब कर रहा है। ये आइडिया कि मुझे आजाद रहना है, बचे नहीं पैदा करना है और शादी नहीं करनी है मैं इन बातों में विश्वास नहीं करती हूं।नोरा अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैं मानती हूं कि महिलाओं को काम करना चाहिए। उन्हें भी आर्थिक रूप से आजाद होना चाहिए, लेकिन इसका ये मतलब नहीं है कि वे पालन-पोषण करने वाले अपने गुणों को भूल जाएं। वैसे ही पुरुषों को भी याद रखना चाहिए कि उन्हें पैसे कमाना है और घर चलाना है। दोनों को एक-दूसरे की जरुरत है। मैं इस बात में विश्वास नहीं करती हूं कि कोई किसी से कम है।नोरा फतेही इस बात पर जोर देकर कहती हैं कि न तो महिलाओं को अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ना चाहिए और न ही पुरुषों को। नोरा कहती हैं, जैसे एक औरत मां होती है, पत्नी होती है वैसे ही पुरुष पिता, पति और भाई होता है। परिवार को चलाने की जिम्मेदारी उसकी होती है। फेमिनिम पर नोरा के विचारों को जानकर कुछ इंटरनेट यूजर्स उन्हें ट्रोल भी करने लगे हैं। एक यूजर ने लिखा है, संदीप रेड्डी वांगा को अपनी अभिनेत्री मिल गई है। वे अपनी फिल्मों में महिलाओं को कुछ-कुछ ऐसे ही दिखाते हैं जैसे नोरा यहां बोल रही हैं।

# सिनेमाघरों में धमाल मचा रही बड़े मियां छोटे मियां, मैदान की कमाई में आया उछाल



बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कई फिल्में धमाल मचा रही हैं। ये सभी फिल्में दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करा रही हैं। इन दिनों सिनेमाघरों में बड़े मियां छोटे मियां, मैदान, क्रू और गॉडजिला × कॉन्ग दर्शकों को मनोरंजन कर रही हैं। ईद के मौके पर एक्शन से भरपूर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां सिनेमाघरों में रिलीज हुई। ये फिल्म खूब धमाल मचा रही है। वीकएंड पर दर्शकों ने भी अपनी मौजूदगी से थिएटर्स में चार चांद लगाए। वीकएंड पर सिनेमाघरों में अच्छी खासी भीड़ इक्ट्ठा होती है। ये सभी फिल्में एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही हैं। तो आइए जानते हैं कि रविवार को इन फिल्मों का कैसा प्रदर्शन रहा है...अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां एक एक्शन ड्रामा फिल्म है। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की इस फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर खूब हलचल मची हुई है। इस फिल्म में पहली बार अक्षय और टाइगर ने स्क्रीन साझा की है। फिल्म की कमाई की बात करें तो बॉक्स ऑफिस पर फिल्म खूब धमाल मचा रही है। फिल्म ने चौथे दिन 9 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसके साथ ही फिल्म का टोटल कलेक्शन 40.75 करोड़ रुपये हो गया है।

अजय देवगन स्टारर फिल्म मैदान स्पोर्ट्स ड्रामा फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की यात्रा को दर्शाने वाली एक बायोपिक है। फिल्म मैदान में अजय ने फुटबॉल कोच की भूमिका निभाई है। फिल्म ईद के मौके पर दर्शकों को जुटाने में कुछ खास सफल नहीं हुई है। मगर अब फिल्म की कमाई में उछाल देखने को मिल रहा है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर मैदान ने चौथे दिन 6.25 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म ने अब तक कुल 21.85 करोड़ रुपये कलेक्शन किया है। तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन की फिल्म क्रू 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में तीनों अभिनेत्रियों के अभिनय प्रदर्शन को खूब सराहना मिली है। इनकी अदाकारी लोगों के दिलों को छूने में कामयाब रही है। राजेश ए कृष्णन ने इस फिल्म का निर्देशन लिया है। फिल्म की कमाई की बीत करें तो 17वें दिन क्रू ने 1.75 करोड़ रुपये की कमाई की है। फिल्म ने अब तक 69.02 रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

# कशिश प्राइड फिल्म फेस्टिवल का नया लोगो हुआ जारी, मुंबई की जोड़ी ने किया डिजाइन







कशिश प्राइड फिल्म फेस्टिवल ने अपने नए लोगो को लॉन्च किया है। इसके साथ ही फेस्टिवल लुक का भी अनावरण किया है। इस लोगो को मुंबई की जोड़ी ने डिजाइन किया है। इसके साथ ही बेंगलुरु के डिजाइनर ने इसका पोस्टर फाइनल किया है। कशिश मुंबई इंटरनेशनल क्वीर फिल्म फेस्टिवल, शहर का वार्षिक एलजीबीटीक्यू+ फिल्म फेस्टिवल है, जिसे अब कशिश प्राइड फिल्म फेस्टिवल का नाम दिया गया है। इसने अपने 15वें संस्करण के लिए फेस्टिवल लुक का अनावरण किया है। बेंगलुरु स्थित ग्राफिक डिजाइनर और सीतेश गोविंद के डिजाइन को कशिश 2024 अंतर्राष्ट्रीय पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता के जवाब में भारत भर के विभिन्न डिजाइनरों द्वारा प्रस्तुत दो दर्जन डिजाइनों में से चुना गया था। इसके अंतिम डिजाइन को पुणे स्थित सिरेमिक डिजाइनर दलीप दासवानी ने फाइनल किया था। उन्होंने कहा, इस डिजाइन में जो गौरव के रंग स्पष्ट हैं, वे आपके चेहरे पर नहीं हैं। ग्राफिक्स काफी मजबूत हैं। साथ ही रंग काफी अच्छे हैं। यह डिजाइन सिनेमाई जीवन की कहानियों की ओर संकेत करते हुए उड़ान की भावना के साथ ऊर्जा का जश्न मनाता है।

# तस्वीरों में देखें कैसे सुहाना और अनन्या ने लिया मैच का मजा, मैदान में उतर शाहरुख ने किया यह काम




रविवार को हुए कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपरजाएंट्स के आईपीएल मुकाबले में शाहरुख खान की टीम कोलकाता ने शानदार जीत हासिल की। मैच कोलकाता के ईडन गार्डेंस में खेला गया था, जिसे देखने के लिए शाहरुख खान के अलावा उनकी बेटी सुहाना खान और बेटा अबराम खान भी पहुंचे थे। इस मौके पर शाहरुख खान ने अपनी टीम का जमकर उत्साह बढ़ाया। साथ ही मैच खत्म होने के बाद मैदान में काफी खुश भी दिखाई दिए, जिसकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। लखनऊ पर कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत के बाद शाहरुख खान मैदान में उतरे। तस्वीरों में उन्हें अपनी टीम केकेआर की जर्सी पहने हुए देखा जा सकता है। वे अपने लंबे बालों को पोनीटेल से बांधे हुए दिख रहे हैं। शाहरुख खान मैदान में बैठे दर्शकों की ओर %थम्स अप% का इशारा करते हुए भी नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपनी टीम के बढ़िया प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की। इसे दिखाने के लिए उन्होंने काफी गर्व के साथ अपनी मुट्ठी को बंद करके, हाथ को हवा में उठाया हुआ था। उनके चेहरे पर मुस्कान साफ दिखाई दे रही थी। मैदान पर उनके साथ अबराम खान भी मौजूद थे।शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने भी मैच के दौरान की कुछ तस्वीरों को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया हैं। इन तस्वीरों में उनके साथ अभिनेत्री अनन्या पांडे भी दिखाई दे रही हैं। सुहाना को भी केकेआर के प्रदर्शन पर अपने पिता की तरह खुश होते हुए देखा जा सकता है।इस मैच में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी की थी। टीम ने 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 161 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स ने 15.4 ओवर में ही दो विकेट खोकर मैच को जीत लिया था। केकेआर की ओर से सॉल्ट ने 47 गेंदों पर 14 चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 89 रनों की पारी खेली थी।

# अमेरिकी से आवक कम लेकिन आस्ट्रेलिया से जल्दी आवक से बादाम पर दबाव



**इंदौर।** बादाम के प्रमुख उत्पादक केंद्र कैलिफोर्निया में बादाम का स्टाक कमजोर होने के कारण मार्च में भारत के लिए जारी हुए मात्र 740 कंटेनर, जबकि फरवरी में 850 कंटेनर जारी किए गए थे। इसका प्रमुख कारण कैलिफोर्निया में बादाम का स्टाक कम होना था। बीती फसल कम हुई थी, लेकिन आने वाली फसल जोरदार बताई जा रही है। फिलहाल कम कंटनेर जारी होने क बावजूद बादाम की कीमतों में लंबी तेजी नजर नहीं आ रही है।दरअसल, अप्रैल और मई में बादाम की खपत वैसे ही कमजोर रहती है। इसके अलावा इस महीने के अंत तक आस्ट्रेलियन बादाम की आवक भी भारतीय बाजारों में शुरू हो जाएगी। इस बार आस्ट्रेलिया में बादाम का उत्पादन पिछले साल से अच्छा बताया जा रहा है। इसके चलते मई तक बादाम की कीमतों में कोई बड़ी तेजी की गुंजाइश नजर नहीं आ रही है। लेकिन लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद बादाम की मांग धीरे-धीरे बढ़ना शुरू हो जाएगी जो दिसंबर तक बराबर रहने की उम्मीद है। इन दिनों इंदौर में बादाम इंडिपेंडेंट 540-560, अमेरिकी 630-660 रुपये प्रति किलो तक बिक रही है। इधर, खोपरा बूरे में वैवाहिक सीजन वालों की मांग जोरदार बनी हुई है, जिससे बूरे के दाम तेजी की स्थिति बनी हुई है। खोपरा गोले में कारोबार सामान्य रहा। भाव में कोई खास परिवर्तन नहीं रहा। दूसरी ओर नारियल में फिलहाल ग्राहकी कमजोर है जिससे इसके बढ़ते दामों में रुकावट के साथ ही मंदी का वातावरण बना हुआ है। नारियल की आवक दो गाड़ी की बताई गई। शकर में चारों तरफ से लेवाली आने लगी है जिससे इसके दाम मजबूती पर टिके हुए है। शकर नीचे में 3825 तथा ऊपर में 3900 रुपये प्रति क्विंटल तक बोली गई। शकर की आवक सात गाड़ी की रही।

**नारियल** - नारियल 120 भरती 1900-2000, 160 भरती 1900-2000, 200 भरती 2050-2100, 250 भरती 2050-2100 प्रति बोरी और खोपरा गोला बक्सा 120-135, कट्टे 110-111 रु. प्रति किलो और खोपरा बूरा 2400-4500, नारियल-बूरा अल्पाहार (1 किलो) 2751 प्रति 15 किलो।

**फलाहारी** - साबूदाना सच्चासाबू एगमार्क (500 ग्राम) 7640, सच्चासाबू खीरदाना 7510, सच्चासाबू चीनीदाना 7840, सच्चासाबू फूलदाना 8200, साबूदाना चक्र एगमार्क 7320, शिवज्योति (1 किलो) 7240, गोपाल लूज (25 किलो) 6820, कुकरीजाकी मोरधन (500 ग्राम) 9790 प्रति क्विंटल। रायल रतन सच्चामोती (1 किलो) 7250, रायलरतन सच्चामोती (500 ग्राम) 7310 व लूज 6750, रायलरतन सच्चामोती पोहा एक किलो 5350 व 35 किलो पैकिंग में 4700, रायलरतन मोरधन (आधा किलो) 10500 रुपये।

**पूजन सामग्री** - केसर 190-210 ब्रांडेड 220-223, देशी कपूर 550 से 750, ब्रांडेड कपूर 750 से 800, पूजा बादाम 110 से 125, बेस्ट 175 से 190, पूजा सुपारी 475, अरीठा 130, सिंदूर (25 किलो) 7400 रुपये।

**मसालों के दाम** - हल्दी निजामाबाद 180 से 210, हल्दी लालगाय 275-280 कालीमिर्च गारबल 555 से 565 एटम 575 से 580, मटरदाना 590 से 625, जीरा ऊंझा 290 से 310, मीडियम 320 से 340 बेस्ट 360-370 सौंफ मोटी 95 से 125, मीडियम 175 से 225, बेस्ट 355 से 375, बारीक 350-400 , लौंग मीडियम 850 से 900, बेस्ट 950-965 सौंठ 295 से 325 बेस्ट 375 से 400, दालचीनी 245-255, जायफल 580-650, बेस्ट 700 जावत्री 1900-1950, बड़ी इलायची 1375-1425, मीडियम 1475-1575 और बेस्ट 1625-1675, पत्थरफूल 351 से 375, बेस्ट 475, बाद्यान फूल 550 से 575, बेस्ट 750-775 शाहजीरा खर 350 से 360, ग्रीन 600-611, तेजपान 91-101, नागकेसर 750 से 775, धोली मूसली 2100 से 2250, सिंघाड़ा छोटा 90-105 बड़ा 115 हींग वनदेवी दाना751-3450, पाउच में 10 ग्राम 3530, 121- 50 ग्राम 3250, पाउच में 10 ग्राम 3330, 111-50 ग्राम 3050, पाउच में 10 ग्राम 3130, पावडर 875-925 , हरी इलायची 1850-1900 मीडियम बोल्ड 2050 से 2100 बोल्ड 2250-2350 बेस्ट ए बोल्ड 2400-2650 और सफेद तिल्ली 178-195 बेस्ट 200-220 रुपये।

**सूखे मेवों के दाम** - काजू डब्ल्यू 240 नंबर 760-800, काजू डब्ल्यू 320 नंबर 680 से 700, काजू डब्ल्यू 300 नंबर 670-680, काजू जेएच 590-600 टुकड़ी 530-550, बादाम 540-560 बेस्ट 630-660 आस्ट्रेलियन बादाम बेस्ट 625-750 खसखस मीडियम 650-725 बेस्ट 1125-1225 तरबूज मगज 610-640 खारक 115-135 मीडियम 145 से 175 बेस्ट 225 से 250 ए. बेस्ट 301 किशमिश कंधारी 420 से 470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140 से 150 बेस्ट 170 से 190 , चारोली 1485 से 1550, बेस्ट 1600 मुनक्का 450 से 550 बेस्ट 650 से 900, अंजीर 750 से 900 बेस्ट 1150 से 1450 मखाना 650 से 785, मीडियम 825 से 875 बेस्ट 900-925, पिस्ता 1300-1450 ईरानी 1500-1600, नमकीन पिस्ता 850-1000 अखरोट 450 से 500, बेस्ट 550 से 650, अखरोट गिरी 700 से 1050 जर्दालू 250 से 350, बेस्ट 450 से 550 गोंद नाइजीरिया 180-250, गोंद धावड़ा 400-700 रुपये।

# महंगाई और तंग आपूर्ति से तेल बाजार प्रभावित, सोया तेल में स्थिरता



**इंदौर।** सोया तेल में सीमित पूछपरख निकलने से घटते दामों में रुकावट आई है। सोपा की रिपोर्ट में आपूर्ति तंग होने और सभी खाद्य पदार्थों में महंगाई का दौर होने का असर तेल बाजार पर भी पड़ रहा है। इस सप्ताह प्लांटों के सोयाबीन खरीद भाव में भी सौ रुपये की वृद्धि देखी गई। सोया तेल इंदौर 960-965, पाम तेल 1025-1030 रुपये दस किलो बोला गया। सोयाबीन 4700, सरसों निमाड़ी 5700-5750, एवरेज 5300-5500, राइड़ा 4600-4700 रुपये प्रति क्विंटल के भाव रहे।लूज तेल के दाम - (प्रति दस किलो के भाव) मूंगफली तेल इंदौर 1500, मुंबई मूंगफली तेल 1510, इंदौर सोयाबीन तेल रिफाइंड 960-965, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 910-915, इंदौर पाम 1025-1030, मुंबई सोया रिफाइंड 960, सोया डीगम 880, मुंबई पाम तेल 960, राजकोट तेलिया 2320, गुजरात लूज 1450, कपास्या तेल इंदौर 935-940 रुपये। सोयाबीन प्लांट खरीदी भाव - अवी एग्रो उज्जैन 4850, बंसल मंडीदीप 4850, बैतूल आइल सतना 4910, बैतूल आइल 4900, कोरोनेशन ब्यावरा 4850, धानुका सोया नीमच 4935, दिव्य ज्योति 4875, हरिओम रिफाइनरी 4950, केएन एग्री इटारसी 4825, लाभांशी एग्रोटेक देवास 4900, आइडिया लक्ष्मी देवास 4875, केपी साल्वेक्स निवाड़ी 4900, खंडवा आइल 4875, एमएस साल्वेक्स नीमच 4950, पतंजलि फूड 4840, प्रकाश 4940, प्रेस्टीज 4900, रामा 4900, आरएच साल्वेक्स 4950, सांवरिया इटारसी 4940, महेश शिप्रा 4850, सोनिका बायोकेम मंडीदीप 4850, सालासर हरदा 4900, सतना 4791 रुपये प्रति क्विंटल।

# दालों की महंगाई बेकाबू, अब इंदौर की मंडी में चने में तेजी का दौर




**इंदौर।** मंडियों में चना की आवक मांग के अनुरूप नहीं होने से कीमतों में एकतरफा तेजी की स्थिति बनी हुई है। शनिवार को इंदौर मंडी में चना कांटा 250-300 रुपये प्रति क्विंटल तक उछल गया और दोपहर तक चना कांटा बढ़कर 6250-6300, विशाल 6000-6175 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। इधर, चने में स्टॉकिस्टों की सक्रियता बनी हुई है। वहीं वैवाहिक सीजन की वजह से चना दाल और बेसन में मांग जोरदार देखी जा रही है, जिसके चलते मिलर्स की चने में मांग बढ़ रही है। शाम को और जबरदस्त लेवली आने से चना कांटा उछलकर 6400, विशाल 6300 बिक गया।राजस्थान, गुजरात में एमएसपी पर चना खरीदी होने से भी चने की तेजी को सपोर्ट मिल रहा है। हालांकि चना की एमएसपी पर खरीदी की शुरुआत पिछले साल से कुछ कमजोर है। सरकार दलहन के बढ़ते दामों को नियत्रंण करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है लेकिन सरकार को सफलता हासिल नहीं हो रही है। सरकार ने चना की कमी की पूर्ति के लिए मटर आयात जून तक खोल रखा है। दूसरी और काबुली चने में ऊंचे दामों की वजह से हलके-मीडियम क्वालिटी के काबुली चने की आवक खूब हो जाने और ऊंचे दामों पर लेवाल कमजोर होने से भाव में गिरावट रही। काबुली चना 300 रुपये प्रति क्विंटल तक टूट गया। व्यापारियों का कहना है कि अच्छी क्वालिटी के काबुली चने में ज्यादा मंदी की गुंजाइश नहीं है। मसूर में अच्छी पूछताछ रहने से भाव मजबूती पर टिके हुए है। मसूर 6100-6125 रुपये प्रति क्विंटल तक बोली गई। आयातित तुवर में डिमांड कुछ कमजोर रहने से भाव में गिरावट रही। हालांकि देसी तुवर के दाम मजबूती पर टिके हुए है। अन्य दाल-दलहन में कारोबार सामान्य रहा। भाव में कोई खास परिवर्तन नहीं रहा। कंटेनर में डालर चना बढ़कर 40/42 12200, 42/44 11900, 44/46 11600, 58/60 10100, 60/62 10000, 62/64 9900 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। दलहन के दाम - चना कांटा 6250-6300, विशाल 6000-6175, डंकी चना 5500-5900, मसूर 6100-6125, तुवर महाराष्ट्र सफेद 11400-11600, कर्नाटक 11600-11800, निमाड़ी तुवर 9800-11100, मूंग 9000-9200, बारिश का मूंग नया 9200-10000, एवरेज 7000-8000, उड़द बेस्ट 8800-9200, मीडियम 7000-8000, हल्की उड़द 3000-5000, गेहूं मिल क्वालिटी 2450-2550, मालवराज गेहूं 2400-2450, लोकवन 2650-3100, पूर्णा 2560-2900 रुपये क्विंटल।

# कैश निकालने के लिए बैंक या एटीएम जाने की जरूरत नहीं, इस सर्विस से आपके घर आएगा पैसा



यदि आपको इमरजेंसी में पैसों की जरूरत है। वहीं, आपके पास बैंक या एटीएम जाने का बिल्कुल भी समय नहीं है, ऐसे में आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। अब नए सुविधा के जरिए घर बैठे ही पैसे मिल जाएंगे। यह सर्विस डाकघर ने शुरू की है। इंडियन पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने कहा कि अगर तुरंत पैसे चाहिए और बैंक जाने का समय नहीं है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। अब आधार एटीएम सर्विस से घर बैठे रकम निकाल सकते हैं। पैसे निकालने में पोस्टमास्टर आपकी सहायता करेगा। आधार बेस्ड पेमेंट प्रक्रिया के जरिए कोई भी आधार से जुड़े खाते से पैसे निकालने या भुगतान करने के लिए बायोमेट्रिक्स का इस्तेमाल कर सकता है। कस्टमर्स बिना एटीएम या बैंक गए एईपीएस का इस्तेमाल कर रकम निकाल सकते हैं। इससे समय बचेगा। हालांकि इस सुविधा के लिए आधार कार्ड बैंक अकाउंट से लिंक करना जरूरी है। एईपीएस सर्विस से घर बैठे पैसे निकाल सकते हैं। बैंक खाते का बैलेंस चेक कर सकते हैं। साथ ही मिनी स्टेटमेंट निकाल सकते हैं। इसके अलावा दूसरे के खाते में पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं। इन सर्विस के लिए कोई चार्ज नहीं देना होगा। हालांकि डोरस्टेप सर्विस फीस देनी होगी। आधार एटीएम का इस्तेमाल करने के लिए बैंक अकाउंट आधार से लिंक होना चाहिए। साथ ही बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन जरूरी है।

## खेल

# केकेआर ने पकड़ी जीत की राह, साल्ट-मिशेल के दम पर लखनऊ को पहली बार किया पराजित



आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क (28/3) के बाद सलामी बैट्समैन फिल साल्ट (89*) की आतिशी बल्लेबाज के दम पर कोलकाता नाइड राइडर्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 8 विकेट से हरा दिया। ईडन गार्डन में खेले गए मुकाबले में लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 161/7 रन बनाए। केकेआर ने 15.4 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। नाइट राइडर्स की सुपर जायंट्स पर पहली जीत है। 2022 में आईपीएल में डेब्यू करने के बाद लखनऊ ने कोलकाता को तीन बार शिकस्त दी थी। जीत की पटरी पर लौटी श्रेयस ब्रिगेड अब मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगी।श्रेयल और फिल के बीच 120 रनों की साझेदारी- मिशेल ने तीन विकेट चटकाकर यह साबित कर दिया कि केकेआर वे उन्हें 24.75 करोड़ में क्यों खरीदा है। पिछले चार मुकाबलों में दो विकेट चटकाए थे। जेसन रॉय के बदले कोलकाता में शामिल हुए साल्ट का फॉर्म भी वापस आ गया। उन्होंने 47 गेंदों पर 14 चौके और 3 छक्के की मदद से 89 रन बनाए। फिल ने श्रेयस अय्यर (38*) के साथ तीसरे विकेट के लिए 120 रनों की पार्टनरशिप की। हालांकि फिल साल्ट को 31 रनों के स्कोर पर जीवनदान मिला। शमर जोसेफ की गेंद पर अरशद खान ने उनका कैच टपका दिया। लखनऊ के बल्लेबाजों ने किया निराश- लखनऊ अपने मध्यक्रम के बल्लेबाज निकोलस पूरन (45) पर निर्भर हो गई है। क्विंटन डिकॉक (10) फ्लॉप रहे। केएल राहुल (39) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए। आयुष बडोनी (29) भी कमाल नहीं कर पाए। मार्कस स्टोइनिस (10) का भी यही हाल रहा। निकोलस ने टीम का स्कोर 162 तक पहुंचाया। उन्होंने चार छक्के और दो चौके जड़े। वह इस सीजन में सबसे ज्यादा सिक्सर लगाने वाले बैट्समैन बन गए।

# टी20 क्रिकेट में 500 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बने रोहित शर्मा



**मुंबई ।** भारत और मुंबई इंडियंस (एमआई) के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा टी20 क्रिकेट में 500 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। रोहित ने रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। रोहित ने मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 63 गेंदों में 105* रन बनाए। उनकी पारी में 11 चौके और पांच छक्के शामिल थे। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान ने 166.67 की स्ट्राइक रेट से ये रन बनाए। मैच में लगाए गए 5 छक्कों के साथ ही टी-20 क्रिकेट में रोहित के नाम 502 छक्के हो गए हैं। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल (1,056 छक्के) के हैं, उनके बाद वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड (860 छक्के), आंद्रे रसेल (678 छक्के) और कॉलिन मुनरो (548 छक्के) हैं। रोहित ने इस आईपीएल सीजन के छह मैचों में 52.20 की औसत और 167 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से एक शतक के साथ 261 रन बनाए हैं। मैच की बात करें तो मुंबई ने टॉस जीतकर सीएसके को पहले बल्लेबाजी करने का मौका दिया। अजिंक्य रहाणे (5) और रचिन रवींद्र (16 गेंदों में 21 रन, दो चौका और एक छक्का) ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाए, हालांकि कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (40 गेंदों में 69 रन, पांच चौके और पांच छक्के) और शिवम दुबे (38 गेंदों में नाबाद 66 रन, 10 चौके और दो छक्के) और अंतिम ओवर में एमएस धोनी (चार गेंदों में नाबाद 20 रन, तीन छक्के) की विस्फोटक पारी की बदौलत सीएसके ने 20 ओवरों में 4 विकेट पर 206 रन बनाए। मुंबई के लिए हार्दिक पांड्या ने 2, श्रेयस गोपाल और गेराल्ड कोएत्ज़ी को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की टीम ने शानदार शुरुआत की, ईशान किशन (15 गेंदों में 23 रन, तीन चौका, एक छक्का) और रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। रोहित अपना दूसरा आईपीएल शतक बनाने में सफल रहे, लेकिन तिलक वर्मा (31 रन) के अलावा रोहित को किसी और बल्लेबाज का साथ नहीं मिला और मुंबई की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन ही बना सकी और 20 रन से मैच हार गई। सीएसके के लिए मथीशा पथिराना (4/28) सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। मुस्ताफिजुर रहमान और तुषार देशपांडे को भी 1-1 विकेट मिला।

# टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की जल्द होगी घोषणा, जानिए किन खिलाड़ियों को मिलेगी जगह

नई दिल्ली । आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत में अब कुछ ही दिन बचे हैं. आगामी टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से यूएसए और वेस्टइंडीज में खेला जाना है. टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान जल्द होने वाला है. इसके लिए अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की मीटिंग इस महीने की आखिरी तारीख (30 अप्रैल) या अगले माह के पहले दिन हो सकती है. टी20 वर्ल्ड कप के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है. यानी इस डेट तक में सभी 20 देशों को अपनी-अपनी टीमें चुन लेनी है. भारतीय फैन्स को भी अपनी टीम के चुने जाने का बेसब्री से इंतजार है. भारतीय चयनकर्ता तो अपनी टीम चुनेंगे ही, उससे पहले हम आपको बताते हैं कि कौन से वे खिलाड़ी हैं, जिन्हें टी20 वर्ल्ड कप खेलने का मौका मिल सकता हैज् बल्लेबाज (5)= कप्तान रोहित शर्मा के साथ-साथ पूर्व कप्तान विराट कोहली और टी20 के नंबर-1 बल्लेबाज सूर्यकुमाय यादव का वर्ल्ड कप टीम में रहना लगभग तय है. वहीं ओपनर यशस्वी जायसवाल और रिंकू सिंह को भी वर्ल्ड कप खेलने का मौका मिल सकता है. यशस्वी ने हालिया समय में बल्ले से शानदार खेल दिखाया है, जबकि रिंकू सिंह ने भी फिनिशर की भूमिका को बखूबी तरीके से निभाया है. विकेटकीपर (2)= विकेटकीपर बल्लेबाजों की बात करें तो ऋषभ पंत और संजू सैमसन वर्ल्ड कप टीम में हो सकते हैं. पंत ने आईपीएल 2024 के जरिए प्रोफेशनल क्रिकेट में वापसी की है. पंत ने कुछ धमाकेदार पारियां खेलकर फॉर्म में होने के संकेत दिए हैं. विकेट के पीछे भी पंत का प्रदर्शन शानदार रहा है. उधर संजू सैमसन को दूसरे विकेटकीपर के तौर पर जगह मिल सकती है. संजू मौजूदा आईपीएल सीजन में राजस्थान रॉयल्स के लिए बल्ले से शानदार खेल दिखा रहे हैं।

# मप्र के शाजापुर में भाजपा में मनाई संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर जयंती

## पुष्पांजलि के कार्यक्रम का किया आयोजन

**सिटी चीफ। भगवान दास बैरागी**
शाजापुर, भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान निर्माता और सामाजिक समरसता के पुरोधा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रविवार को महूपुरा चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित करने के बाद बाबा साहब अमर रहे के जयघोष के साथ जिलेवासियों को शुभकामनाएं दी।



भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 835 ही बूथों पर डॉ आंबेडकर जी की जयंती पर पुष्पांजलि के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओ ने सेवा बस्ती में पहुंचकर लाभार्थियों से संपर्क भी किया और सरकार की योजना के पत्रको का वितरण भी किया। जिला मुख्यालय पर भाजपा नगर मंडल द्वारा महुपुरा चौराहे पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री दिनेश शर्मा, विधानसभा विस्तारक विपिन राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, नगर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौर, मंडल महामंत्री अर्पित परिहार, कालूराम केम, रमेश चमन, कमल सूर्यवंशी, राहुल जैन, दिनेश सोराष्ट्रिय, कुंदन जाटव, कैलाश राठौर, मनोहरलाल राय, मुकेश दुबे, संजय यादव, संदीप राठौर, शुभम ठाकुर, सनी राठौर, संतोष परिहार, राजू मंडोवर, मनोहर अहिरवार, रूपेश ठाकुर, कैलाश जाटव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हुआ रक्त दान

## अखिल भारतीय बलाई समाज का 12 वॉ फल वितरण एवं रक्तदान शिविर सम्पन्न..

**सिटी चीफ । भगवान दास बैरागी** शाजापुर, भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय बलाई समाज ( पंजि.) शाजापुर के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा एवं राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मीनारायन बंगाली के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय ट्रामा सेंटर में मरीजों को फल वितरण और रक्तदान किया गया..!




कार्यक्रम के शुभारंभ में विधायक अरुण भीमावद और समाज के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष दिलीप सिंह बामनिया के द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की..! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरुणन भीमावद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे कहा की दलित समाज के उत्थान के लिए बाबा साहब अम्बेडकर ने अपना सर्वस्व अर्पण किया आज हमे उनसे प्रेरणा लेकर वंचित वर्ग को शिक्षित करने की दिशा में पूरी ताकत से कार्य करना होगा.. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह शैलेन्द्र सोनी ने कहा की बाबा साहब अम्बेडकर ने अपने जीवन काल मे हमेशा सामाजिक समरसता और वंचितों के संरक्षण की बात की और हमे भी उनसे प्रेरणा लेकर समाज मे हर वर्ग की भागेदारी सुनिश्चित करनी होगी तभी एक समरस समाज का निर्माण होगा..विभाग प्रचार प्रमुख महेन्द्रमोहन सोनी ने नशामुक्ति पर कार्य किया जाने पर भी जोर दिया..रक्तदान के अवसर पर डॉ . जायसवाल , अरविंद बंसोड , प्रशांत वैद्य , मनोज पाटोदा के द्वारा 11 यूनिट रक्तदान सम्पन्न कराया गया..! कार्यक्रम में रामचंद्र पारस , हरिनारायण मगोरिया , महेश भवसार , अशोक मालवीय एडवोकेट , यश पिंकू मालवीय , अरुण गोयल, सतीश राठौर , जितेंद्र मालवीय सरपंच , नारायण सिंह मालवीय , बद्रीलाल सौराष्ट्रीय , धर्मेंद्र मालवीय पिपलोदा , योगेश पिपलोदीया , जगदीश बामनिया , जितेंद्र बमोरी , विजय मकवाना , बद्रीलाल जी पिपलोदा , , रामचंद्र चौहान ,अर्जुन पोलाया , बाबूलाल गोयल , दिनेश सोलंकी , राजीव महिवाल , भारत मालवीय ,अर्जुन मंडोवर , विक्रम मालवीय सरपंच , कमल मंडोर , राजेश पारछे , संजय गिरजे , नरेंद्र यादव , मूसा आज़म , मूलचंद जाटव , नीरज गेहलोद , मोहन किचोलिया , भागीरथ सौराष्ट्रीय , विकास परमार , ईश्वर सिंह राणावत , इंदर सिंह परिहार ,कालूराम केम राठौर साब सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे.. कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल मालवीय ने किया..!

## भाजपा ने चौ. चरण सिंह को सम्मान दिया है, हम भी वफादार हैं, गरीब किसान मजदूर की सेवा करेंगे : जयंत चौधरी

# मतदान का दिन करीब आते ही बड़े नेताओं ने चुनाव प्रचार में झोंकी ताकत

**सहारनपुर,** 18वीं लोकसभा के पहले चरण के 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में चार दिन शेष रह गए हैं और तीन दिन बाद यानि 17 अप्रैल को चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। ऐसे में पश्चिम की पहले चरण की आठ सीटों पर सभी दलों के स्टार प्रचारकों ने धुंआधार प्रचार शुरू कर दिया है। प्रचार के मामले में जहां भाजपा ने बाजी मारी वहीं सपा-बसपा-कांग्रेस के बड़े नेता अखिलेश यादव, मायावती और प्रियंका वाड्रा अब प्रचार को निकले हैं। जबकि भाजपा के बड़े नेता हर लोकसभा क्षेत्र में दो-दो तीन-तीन बार सभाएं करके जा चुके हैं। गन्ना पट्टी के नाम से मशहूर इस जाट बेल्ट में किसानों के बड़े नेता राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी ने अपने कोटे की बिजनौर और बागपत सीट के साथ-साथ भाजपा की सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद सीटों पर भी जमकर सभाओं को संबोधित किया। जयंत चौधरी अगले एक-दो दिनों में भी बिजनौर और मुरादाबाद में चुनाव सभाओं को संबोधित करेंगे। बिजनौर के भाजपा समर्थित रालोद उम्मीदवार चंदन चौहान ने आज बताया कि बिजनौर में जयंत चौधरी और उनके साथी अजय गोयल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हैलीकाप्टर से 15 अप्रैल को बिजनौर पहुंचेंगे और किसानों, मजदूरों और व्यापारियों की विशाल सभाओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनाव सभाओं को संबोधित कर चुके हैं। जयंत चौधरी ने बिजनौर लोकसभा के कई क्षेत्रों मंडावली के किसान इंटर कालेज, बाकपुर और कड़ापुर आदि स्थानों पर आयोजित सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उनके उम्मीदवार चंदन चौहान युवा हैं। इसी उम्र में वह खुद भी मथुरा से सांसद बने थे। नौजवान क्षेत्र के विकास के लिए दिन में भी सपने देख लेते हैं। चंदन चौहान अपने पिता सांसद संजय चौहान की तरह बिना भेदभाव के सेवा करेंगे। सबको बराबर तवज्जों और भरपूर सम्मान देंगे। उन्होंने कहा कि उनके बागपत के उम्मीदवार डा. राजकुमार सांगवान ने भी लोगों की सेवा में अपना जीवन लगा दिया है। उनके पास कोई संपत्ति नहीं है। योगी आदित्यनाथ ने डा. सांगवान की यह कहकर तारीफ की थी कि ये व्यक्ति अपने आपमें खुद एनओसी है। जिसे किसी से एनओसी लेने की जरूरत नहीं है। रालोद प्रमुख और राज्यसभा सदस्य जयंत चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उनके बाबा किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने के लिए आभार जताया। कहा कि पिछले 33 वर्षों में किसी भी सरकार ने चौधरी चरण सिंह को सम्मान देने का काम नहीं किया। हम भी वफादार हैं। देश के गरीब, किसान, मजदूर के साथ वफादारी करेंगे और उत्तर प्रदेश और देश में भाजपा के साथ मिलकर ऐसा माहौल तैयार करेंगे जिससे कुटीर उद्यमियों और निवेशकों के लिए उद्योग, कारोबार और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। श्रमिकों के लिए योजनाएं बन रही हैं। किसानों के लिए ऐसी योजनाएं बनाएंगे ताकि किसान आत्मनिर्भर हो सके और खेती लाभदायक व्यवसाय बन सके।



जयंत चौधरी ने बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की कि वे यहां पर यह ध्यान अवश्य रखें कि रालोद उम्मीदवार चंदन चौहान का चुनाव चिन्ह नल है। भाजपाईयों को भी यहां ईवीएम में नल वाला बटन ही दबाना है। चौथे नंबर पर बटन दबाने से जब चार जून को ईवीएम खुलेगी तो आपके चंदन चौहान पहले नंबर पर पहुंच जाएंगे। जयंत चौधरी के साथ प्रदेश के काबिना मंत्री और पुरकाजी के विधायक एवं दलित नेता अनिल कुमार, भाजपाई नेता संजय अग्रवाल, चंदन चौहान की पत्नी याशिका चौहान और पूर्व विधायक सुखबीर सिंह आदि भी थे।

## मायावती ने मंच से भाजपा पर बोला जमकर हमला

# मायावती बोलीः भाजपा की करनी और कथनी में बड़ा अंतर है, नाटकबाजी, जुमलेबाजी नहीं आएगी काम, इनके वादे हवाई

**गौरव सिंघल । सिटी चीफ**
सहारनपुर-देवबंद, सहारनपुर जनपद के नागल क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करने आज बसपा सुप्रीमो मायावती हेलीकॉप्टर से सहारनपुर पहुंची। मायावती की जनसभा के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे।सहारनपुर के नागल क्षेत्र के गांव खटौली की जनसभा में बसपा सुप्रीमो मायावती दोपहर में मंच पर पहुंची। सबसे पहले उन्होंने मंच पर बाबा साहेब डा भीम राव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद हाथ हिला कर जनसमूह का अभिवादन किया। उन्होंने मंच से भाजपा पर जमकर हमला बोला। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि हमारी पार्टी कांग्रेस, भाजपा या किसी भी विरोधी पार्टी के साथ गठबंधन में नहीं है बल्कि अकेले ही अपने बलबूते पर पूरी तैयारी से चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि हमने टिकट बंटवारे में सर्व समाज के लोगों को भागेदारी दी है। जिन्हें जिताने के लिए पार्टी के लोग जी-जान से लगे हुए हैं। यहां भीड़ देखकर उन्हे भरोसा हो गया है कि पिछली बार की तरह ही वे पार्टी को जिताने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद ज्यादातर सरकारें कांग्रेस पार्टी की रही है। दलित आदिवासी पिछडा वर्ग विरोधी नीतियों के चलते इस पार्टी को केंद्र और राज्यों से बाहर होना पड़ा। यही स्थिति इनकी सहयोगी पार्टियों की बनी रही है। अब पिछले दस सालों में बीजेपी और इनके सहयोगी दल केंद्र तथा अधिकांश राज्यों में सत्ता में आए। अब बीजेपी की भी जातिवादी, पूंजिवादी नीतियों तथा इनकी कथनी और करनी में भी काफी अंतर होने से इस बार यह लगता है कि यह पार्टी भी इस बार केंद्र की सत्ता में वापिस आने वाली नहीं है।बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि यदि यह चुनाव इस बार फ्री और फेयर होता है और आम चर्चा के मुताबिक वोटिंग मशीनों में कोई कमी नहीं की जाती है तो अबकी नतीजे कुछ और ही होंगे। वैसे भी इस बार चुनाव में इनकी कोई नाटकबाजी जुमलेबाजी और गारंटी आदि काम आने वाली नहीं है। जनता इस बात को समझ चुकी है कि इनकी पार्टी ने गरीबों, कमजोर वर्गों और मेहनतकश वर्गों से जो हवा हवाई वादे और गारंटी की थी उनका जमीनी हकीकत में अब तक एक चौथाई भी नहीं हो सका है।पूंजिपतियों को ही मालामाल किया गया है। सरकार उन्हें छूट देने और उन्हे बचाने में ही लगी रही है। बसपा सुप्रीमो करीब डेढ बजे रैली स्थल पहुंची। जनसभा स्थल को नागल क्षेत्र के गांव खटौली के पास बनाया गया है।




इससे पहले पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने जनसभा स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। इसके साथ ही बसपा पदाधिकारियों ने जनसभा को लेकर तैयारियों में जुटे रहे और अंतिम रूप दिया।पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के सहारनपुर आगमन को लेकर पुलिस-प्रशासन पुलिस तरह अलर्ट रहा। रैली स्थल पर लोग बसपा के झंडे लेकर पहुंचे।

# चीनी उत्पादन हुई भारी गिरावट

## अबकी बार अकेले उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में दस लाख क्विंटल चीनी उत्पादन गिरा

**गौरव सिंघल । सिटी चीफ**
सहारनपुर, इस बार का चीनी मिलों का गन्ना पेराई सीजन बहुत अच्छा नहीं रहा। जिले में आठ चीनी मिलों ने गन्ना पेराई की थी। सात चीनी मिलें बंद हो चुकी हैं और देवबंद की त्रिवेणी इकाई एक-दो दिन में अपना पेराई सत्र पूरा कर लेगी।




गन्ना विभाग के डिप्टी केन कमिश्नर ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि इस बार जिले में दस लाख क्विंटल चीनी कम बनी है और 99.91 लाख क्विंटल कम गन्ने की पेराई हुई है। यानि गन्ना पेराई और चीनी उत्पादन दोनों में भारी गिरावट आई है। पिछले सीजन में कम चीनी मिलों ने पेराई की थी फिर भी 539.76 लाख क्विंटल गन्ना पेराई हुई थी जबकि इस बार गन्ने का क्षेत्रफल 250 हैक्टेयर ज्यादा था।

ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि सहारनपुर जिले में 0238 प्रजाति का गन्ना 90 फीसद तक बोया जाता है। इस बार अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण गन्ने का सात हजार हैक्टेयर रकबा प्रभावित हुआ और गन्ने की पैदावारी गिरी। उन्होंने कहा कि इस प्रजाति के गन्ने में बीमारियों का भी ज्यादा प्रकोप रहा। लाल सड़न से लेकर कई रोगों से गन्ने की फसल की पैदावार गिरी है। गन्ना विभाग किसानों से नई और रोगमुक्त प्रजाति अपनाने की अपील कर रहा है। जिससे जिले में गन्ने की पैदावार और चीनी के निर्माण में बढ़ोतरी हो सके।

# स्टेट हाइवे पर एक बाइक अचानक आग का गोला बनी

## मौके पर मची अफरा- तफरी, बाइक सवार पिता व पुत्री ने कूदकर बचाई अपनी जान

**गौरव सिंघल । सिटी चीफ**
देवबंद सहारनपुरमुजफ्फरनगर स्टेट हाइवे पर मंगलौर पुलिस चौकी के निकट एक बाइक अचानक आग का गोला बन गई। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बाइक सवार पिता व पुत्री ने कूदकर जान बचाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार धर्मपुर सरावगी गांव निवासी अशोक अपनी पुत्री नेहा के साथ बाइक पर सवार होकर देवबंद में चिकित्सक के यहां दवाई लेने आ रहे थे। जैसे ही वह देवबंद मंगलौर मार्ग पर पुलिस चौकी के निकट स्थित चौराहे पर पहुंचे तो अचानक उनकी बाइक ने देखते ही देखते आग पकड़ ली। गनीमत यह रहा कि बाइक के आग पकड़ते ही पिता-पुत्री बाइक से उतर गए। मौके पर भीड़ जमा हो गई और राहगीरों और दुकानदारों ने बाइक पर लगी आग को काबू करने का प्रयास किया, लेकिन आग नहीं बुझी और बाइक पूरी तरह जल गई। जिसके बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची। मंगलौर पुलिस चौकी पर तैनात दरोगा अजय कुमार ने बताया कि शार्ट-सर्किट होने के चलते बाइक में आग लगी है। बाइक सवार पिता-पुत्री ठीक हैं।



